दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
• नई दिल्ली। शनिवार 30 अगस्त-2025 • वर्ष: 10 अंक: 251 पेज-08 • RNI NO. DELHI/2015/65364 • मूल्य: ₹3




## अभी जारी है श्री ठाकुर द्वारा शिक्षा संस्थान की जंग

### कार्यवाहक प्रबंधक के बाहर आए लेटर ने कर दिया है दंग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री ठाकुर द्वारा शिक्षा संस्थान में प्रभुत्व को लेकर चल रही जंग जारी है। अब एक पत्र श्री ठाकुर द्वारा शिक्षा संस्थान के कार्यवाहक प्रबंधक अनुराग गोयल द्वारा बाहर आया है। ये पत्र उन्होंने समिति के सदस्यों को 15 अगस्त को लिखा था जिसमें चुनाव को लेकर अनाधिकृत तथा भ्रामक पत्राचार के संबंध में बताया गया है। इस पत्र में कार्यवाहक प्रबंधक अनुराग गोयल ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा है कि आप लोगों के संज्ञान में यह लाना अत्याधिक जरूरी है कि 11 अगस्त 2025 को राजकुमार शर्मा एडवोकेट द्वारा भेजा गया पत्र पूरी तरह से अनाधिकृत और असत्य तथा भ्रामक है। इस पत्र में चार बिंदुओं पर जानकारी दी गई है। जिसमें कहा गया है कि कार्यकारिणी समिति द्वारा किसी भी प्रकार का चुनाव घोषित नहीं किया गया है। कार्यकारिणी समिति द्वारा राजकुमार शर्मा को कभी भी चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त या अधिकृत नहीं किया गया। यह व्यक्ति ना तो इस संस्थान का सदस्य है और ना ही संस्थान अथवा विद्यालय से किसी भी रूप में अधिकृत है। पत्र में कहा गया है कि किसी भी प्रकार की सदस्यों की लिस्ट कहीं भी प्रेषित नहीं की गई है।



कार्यवाहक प्रबंधक अनुराग गोयल द्वारा संस्था के सदस्यों को भेजे गए इस पत्र में कहा गया है कि सभी सदस्यों को अधिकारिक रूप से सचेत किया जाता है कि ऐसे किसी भी पत्राचार, सूचना अथवा दावे को पूर्णतः अमान्य मानें और उस पर कोई कार्यवाही अथवा विचार ना करें।

# संघ के चिंतन शिविर से लौटकर डॉ. पीएन अरोड़ा ने रखी मन की बात

### कहा परिवार से समाज और समाज से होगा एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** व्यक्ति कितनी भी व्यवसायिक ऊंचाईयों पर पहुंचे, लेकिन उसके भीतर के संस्कार अगर राष्ट्रवाद से जुड़े हैं, सामाजिक चिंतन से जुड़े हैं तो फिर विचारों का ये अंकुर एक सकारात्मक सोच के रूप में सामने आता है। यशोदा अस्पताल समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पीएन अरोड़ा देश की एक ऐसी ही शख्सियत हैं। यही एक वजह रही कि दिल्ली में जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का महत्वपूर्ण सम्मेलन हुआ तो इस सम्मेलन में जो चुनिंदा लोग बुलाए गए थे उनमें एक चेहरा गाजियाबाद के नाम को गौरवान्वित कर रहा था। ये चेहरा यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पीएन अरोड़ा का था। सौ वर्ष की संघ यात्रा को लेकर दिल्ली के विज्ञान भवन में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन था और इस शिविर में डॉ. पीएन अरोड़ा भी शामिल हुए।

राष्ट्रहित चिंतन से जुड़े शिविर से लौटकर डॉ. पीएन अरोड़ा ने अपने विचारों को दैनिक करंट क्राइम के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि जब राष्ट्र के हित, चिंतन और देश के युवा वर्ग के भविष्य को लेकर नीतियों का मंथन हुआ तो मैं उसका हिस्सा बना। उन्होंने बताया कि इस शिविर में जो सबसे अच्छी बात थी और जिससे हर किसी को जुड़ना चाहिए, वो बात संघ परिवार के प्रमुख मोहन भागवत की बात थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक के प्रमुख मोहन भागवत के विचार सुनकर बहुत अच्छा लगा और यहां पर बात राष्ट्र और युवा पीढ़ी को लेकर हुई।

यहां ये बताया गया कि परिवार सबसे बड़ी संस्था है। क्योंकि परिवार से हम स्कूल में जाते हैं और हमें अपने बच्चों को अपने परिवार से जोड़ना है, समाज से जोड़ना है और धर्म से जोड़ना है तो संस्कार सबसे मूलभूत और अनिवार्य आवश्यकता है। जो संस्कार हम अपने परिवार से, अपने स्कूल से और धर्म से लेंगे उन्हीं संस्कारों से हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होगा। परिवार से समाज का निर्माण होता है, समाज से देश का निर्माण होता है और जब देश यानी राष्ट्र संस्कारों से परिपूर्ण होगा तो निश्चय रूप से देख विश्वगुरु बनेगा।

डॉ. पीएन अरोड़ा ने बताया कि इस चिंतन शिविर में सकारात्मक रूप से राष्ट्र और युवा पीढ़ी के भविष्य को लेकर चिंतन-मंथन हुआ। सौ वर्ष का सफर और आगे की योजना पर बात हुई। सबसे बड़ी बात ये थी कि इस शिविर में सामूहिक, सहकारिता, सहयोग और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने पर विमर्श हुआ। कहा गया कि एक व्यक्ति, एक सरकार कभी भी देश को आगे नहीं ले जा सकती। जब तक कि प्रत्येक व्यक्ति इसमें शामिल नहीं होता।

डॉ. पीएन अरोड़ा ने कहा कि चिंतन शिविर में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिये आरएसएस प्रमुख ने कई बातें बताई। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आवश्यक है और होना ही चाहिए। क्योंकि यह देशों के बीच संबंधों को भी बनाए रखता है, लेकिन यह दबाव में नहीं होना चाहिए। यह मुक्त होना चाहिए, आपसी सहमति पर आधारित होना चाहिए।

डॉ. पीएन अरोड़ा ने बताया कि यहां पर सबसे बड़ी बात ये थी कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भारत पहले से ही एक हिंदू राष्ट्र है, इसे घोषित करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने हिंदू शब्द के उपयोग पर जोर दिया और कहा कि इस्लाम को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि मथुरा-काशी आंदोलन में संघ नहीं जाएगा और मुस्लिम समाज से उदारता दिखाने की अपील की ताकि भाईचारा बना रहे। इस शिविर में भारतीयता शब्द पर जोर था।

डॉ. पीएन अरोड़ा ने इस शिविर से जुडें अपने अनुभव को साझा किया और कहा कि देश के हर नागरिक के लिये राष्ट्र परिवार और संस्कार जरूरी हैं। अगर हम अपने परिवार को संस्कार दे रहे हैं तो हम समाज को संस्कार दे रहे हैं और जब समाज उच्च आदर्शों, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित होता है तो उस राष्ट्र की कीर्ति पताका पूरे विश्व में फहराती है। डॉ. पीएन अरोड़ा ने कहा कि देश का हर नागरिक अगर इस विचारधारा पर चलेगा तो हम विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बनकर सामने आएंगे।

**परिवार सबसे बड़ी संस्था है। क्योंकि परिवार से हम स्कूल में जाते हैं और हमें अपने बच्चों को अपने परिवार से जोड़ना है, समाज से जोड़ना है और धर्म से जोड़ना है तो संस्कार सबसे मूलभूत और अनिवार्य आवश्यकता है। जो संस्कार हम अपने परिवार से, अपने स्कूल से और धर्म से लेंगे उन्हीं संस्कारों से हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होगा।**

# आईजी ट्रैफिक कमिश्नरेट में सड़क हादसे और ट्रैफिक मैनेजमेंट सुधारने के दे गए छह निर्देश

### लानी है सड़क हादसों में 50% कमी, हर एक्सीडेंट की होगी एप पर फीडिंग

### शुक्रवार को आईजी ट्रैफिक सुभाष चंद्र दुबे ने पुलिस लाइन में अधिकारियों संग की बैठक






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कर्मियों की सड़क हादसे में जान जाने और सड़क हादसों का ग्राफ बढ़ने को लेकर शासन स्तर पर भी मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी को लेकर शुक्रवार को ट्रैफिक विभाग के आईजी सुभाष चंद्र दुबे गाजियाबाद पहुंचे। यहां पुलिस लाइन में उन्होंने एडीसीपी सच्चिदानंद, ट्रैफिक पुलिस के एसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। वह गाजियाबाद में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने, जाम को लेकर लगाम लगाने और सड़क हादसों में 50% की कमी लाने का निर्देश देकर गए हैं। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना की फीडिंग और ऐप पर प्रॉपर इनफार्मेशन देने का भी निर्देश दिया है।

साथ ही उनके द्वारा गाजियाबाद पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण वालों के खिलाफ चालान की हर हाल में कार्रवाई की जाए। तो वहीं मॉडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर और नियम तोड़ने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। बता दें कि बीते दिनों गाजियाबाद में एक के बाद एक सड़क हादसों में तीन पुलिसकर्मियों की 20 दिन के अंदर मृत्यु हुई थी, तो वहीं कई अन्य सड़क हादसे भी दिल दहलाने वाले रहे हैं।

### आईजी ट्रैफिक का निर्देश सड़क हादसों में लानी है 50% की कमी

करंट क्राइम : ट्रैफिक पुलिस आईजी सुभाष चंद्र दुबे ने निर्देश दिया है कि ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जाएं, ऐसे ब्लैक स्पॉट जहां समय-समय पर एक्सीडेंट होते हैं, वहां सुधार को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में 50% की कमी वार्षिक लानी है। इससे सरकार को नुकसान और जनहानि दोनों होती हैं। इसको ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश यातायत पुलिस सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाने के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चला रही है। उन्होंने जानकारी दी है कि इसी को लेकर एक सितंबर से पूरे उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान कार्यक्रम भी शुरू किया जा रहा है।

### अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार चलेगा अभियान

करंट क्राइम : इस दौरान आईजी ट्रैफिक द्वारा गाजियाबाद पुलिस के एडीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को कहा गया है कि यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए लगातार दंडात्मक कार्रवाई करनी है। इसके लिए अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी करने के साथ ही उनके चालान भी किए जाएं। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि आईजी के साथ हुई ट्रैफिक की बैठक में गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस के एसीपी मौजूद थे, जो अपने अधीनस्थों को जल्द ही दिशा निर्देश प्रेषित करेंगे।


### सड़क दुर्घटनाओं की पुलिस कर्मियों को देनी होगी फीडिंग और ऐप पर जारी होगी डिटेल


करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस लाइन में हुई बैठक में आईजी ट्रैफिक द्वारा जहां महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए हैं। तो इस दौरान आई रेड और अन्य एप पर सड़क दुर्घटनाओं की फीडिंग को ठीक प्रकार से करने का निर्देश दिया गया है। तो वहीं मॉडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर के विरुद्ध लगातार चालान वाली कार्रवाई का भी फरमान सुनाया गया है। इस दौरान आईजी द्वारा निर्देश दिया गया है कि ठीक से एक्सीडेंट डाटा अपडेट ना करने वालों पर एक्शन होगा।

## कैलाश मानसरोवर भवन का प्राधिकरण को हस्तांतरण शुरू

### सूचीकरण और संचालन की तैयारी तेज









**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन, जो वर्षों से खस्ताहाल स्थिति में पड़ा था, अब गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के जिम्मे आने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों के बाद इस करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट को नई पहचान देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा-निर्देशन में प्राधिकरण स्तर से गठित समिति ने भवन की पूरी इन्वेंट्री का निरीक्षण व सूचीकरण शुरू कर दिया है। प्रत्येक कक्ष की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई जा रही है ताकि भवन का पूरा विवरण सुरक्षित रहे। इस कार्य के लिए अभियंत्रण जोन-6 और विद्युत अनुभाग से अधिशासी अभियंता को नामित किया गया है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम की ओर से 28 अगस्त को भेजे गए पत्र में भवन के हस्तांतरण हेतु अधिकारियों को नामित करने के निर्देश दिए गए थे। अब जीडीए इसकी जिम्मेदारी संभालते हुए इसे व्यवस्थित संचालन की रूपरेखा तैयार कर रहा है।

### मुख्यमंत्री ने दिया था संचालन का आदेश

गौरतलब है कि करोड़ों रुपये की लागत से बना यह भवन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्घाटित किया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से यह उपेक्षा का शिकार रहा। अब मुख्यमंत्री के ताजा निर्देशों के बाद भवन को नए सिरे से विकसित और उपयोगी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।



# कांग्रेस पर जमकर बरसे अमित शाह

## 'पीएम मोदी और उनकी मां को अपशब्द के लिए माफी मांगें राहुल गांधी'



**गुवाहाटी।** अमित शाह ने बिहार रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां को अपशब्द कहने पर राहुल गांधी पर जमकर लताड़ लगाई।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ये लोग जितनी गालियां देंगे, कमल उतना ही खिलता जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार में विपक्षी गठबंधन के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल की घटना की निंदा की। शाह ने कहा, 'कांग्रेस नेताओं ने अपनी 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की मां के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करके बेहद निंदनीय कृत्य किया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। हर कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे हैं।'

शाह ने कहा, 'दो दिन पहले जो हुआ, उससे सभी को दुख पहुंचा है। पीएम मोदी की मां ने एक गरीब घर में जीवन जिया, अपने बच्चों को मूल्यों के साथ पाला और अपने बेटे को एक भरोसेमंद नेता बनाया। ऐसे जीवन के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना भारत की जनता कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती। राजनीतिक जीवन में इससे बड़ी कोई गिरावट नहीं हो सकती और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं राहुल गांधी से आग्रह करना चाहता हूं कि अगर उनमें जरा भी शर्म बची है, तो उन्हें पीएम मोदी, दिवंगत मां और देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। ईश्वर सभी को सद्बुद्धि दे।'

### मतदाता अधिकार यात्रा में कहे गए अपशब्द

इससे पहले चुनावी राज्य बिहार में राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने इस कथित टिप्पणी को लेकर पटना के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई और कांग्रेस सांसद से माफी मांगने की मांग की।

### ब्रह्मपुत्र विंग का समेत तमाम उद्घाटन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को असम के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन राजभवन के नवनिर्मित ब्रह्मपुत्र विंग का उद्घाटन किया। उन्होंने राजभवन परिसर से ही डेरगांव स्थित लचित बरफुकन पुलिस अकादमी में 45 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला–उत्तर पूर्व का भी वर्चुअल उद्घाटन किया।

शाह ने आईटीबीपी, एसएसबी और असम राइफल्स की विभिन्न विकास परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिनमें आवास परिसर, बैरक और अस्पताल शामिल हैं।

### राजभवन के अंदर मंदिर में पूजा-अर्चना और गौ पूजन

इससे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने राजभवन के अंदर एक मंदिर में पूजा–अर्चना की, गौ पूजन किया और सिंदूर का पौधा लगाया। कार्यक्रम स्थल पर राज्यपाल लक्ष्मी प्रसाद आचार्य और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनका स्वागत किया।

# दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से जगह-जगह जलभराव, आतिशी ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में शुक्रवार सुबह बारिश होने से मौसम खुशनुमा हो गया।बारिश की वजह से तापमान में भी गिरावट आई है। इन दिनों देश के कई राज्यों में बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। जमकर हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मानसून का कहर पहाड़ों से मैदान तक जारी है। देश के कई शहरों में बाढ़ ने तबाही मचाई है। इस बीच दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में आज सुबह बारिश देखने को मिली। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे।



दिल्ली में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। वहीं, जलभराव को लेकर आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि 6 महीने में ही भाजपा की सरकार ने दिल्ली को डुबोकर रख दिया है।

इससे पहले गुरुवार को भी दिनभर बादलों की आंख मिचौली के बीच हल्की बारिश हुई थी। इस दौरान हुई कई इलाकों में हुए जलभराव और जाम से फिर दिल्लीवासी परेशान हुए। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार बीते 24 घंटे में दिल्ली में 13.4 एमएम बारिश दर्ज की गई।

गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस अधिक 35.4 जबकि न्यूनतम पारा सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को आसमान में बादल छाए रहने और दोपहर बाद हल्की से मध्यम बारिश के आसार मौसम विभाग ने जताए थे। आईएमडी के अनुसार, 30 अगस्त यानी शनिवार को गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं।

# पीएम पर अभद्र टिप्पणी करना पूरे देश का अपमान

## कांग्रेस को जनता सिखाएगी सबक

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम के खिलाफ राहुल की अभद्र टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता मोदी के बारे में अभद्र टिप्पणी करना सूरज के ऊपर थूंकने के जैसा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा, कांग्रेस और बसपा के शासनकाल में गुंडागर्मी और माफियाराज चरम पर था। सपा सरकार में हर जनपद में एक माफिया को पाला गया था। विकास के धन की बंदरबांट हो रही थी। लूट घसोट चरम पर था। गरीबों के लिए आने वाले पैसे पर डाका डाला जाता था। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करना सूरज पर थूंकने जैसा है। यह पीएम का नहीं देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है। जनता इसका जवाब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को देगी। सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को प्रतापगढ़ में साढ़े पांच अरब की परियोजनाओं का लोकापर्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इंडिया भारत विरोधी गठबंधन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और कांग्रेस का एनडी गठबंधन भारत विरोधी गठबंधन है। यह देश की आन बान शान के साथ खिलवाड़ करने वाला गठबंधन है।

140 करोड़ जनता के प्रति नहीं भारत के सांविधानिक संस्थाओं को अपमान करने वाला गठबंधन है। सत्ता में आने पर देश और प्रदेश में अराजकता पैदा करने वाले कांग्रेस और सपा के लोग आज लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। इनके शासन काल में प्रदेश को दंगों की आग में झोंक दिया गया था। बिना भेदभाव के हो रहा है विकास सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार में बिना भेदभाव के विकास हो रहा है। गरीबों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सशक्तिकरण के माध्यम से हम आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में छह करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। बिना भेदभाव के आवास योजना का लाभ मिल रहा है।

### आयोग की रिपोर्ट चौंकाने वाली

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और कांग्रेस के शासन काल में हुए दंगों की जो आंशिक रिपोर्ट आई है वह चौंकाने वाली है। किस तरह से प्रदेश में दंगों की साजिश रची गई और बहुसंख्यक समाज पर अत्याचार किया गया। हिंदुओं को पलायन करने पर मजबूर किया गया।

# सरकार ने जारी किए वाहन, सारथी और फास्टैग डेटा एक्सेस के नए नियम, बनेगा सुरक्षित डाटा सिस्टम



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नेशनल ट्रांसपोर्ट रिपॉजिटरी से डेटा शेयरिंग के लिए नई पॉलिसी पेश की है। इसमें वाहन, सारथी, ऋअरळ, ई-चालान और हादसे से जुड़े रिकॉर्ड शामिल होंगे। पॉलिसी का मकसद नागरिकों की प्राइवेसी, डेटा सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। केंद्र सरकार ने नेशनल ट्रांसपोर्ट रिपॉजिटरी से जुड़ी नई नीति पेश की है। यह डेटाबेस पूरे देश के वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, चालान और सड़क हादसों के रिकॉर्ड को जोड़ता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने इस महीने की शुरूआत में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नेशनल ट्रांसपोर्ट रिपॉजिटरी से डेटा साझा करने की नीति भेजी। इस रिपॉजिटरी में वाहन , सारथी, ई-चालान,(ई-डार) (इलेक्ट्रॉनिक एक्सीडेंट रिपोर्ट) और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन फास्टैग जैसे प्लेटफॉर्म से डेटा लिया जाता है। इसमें 39 करोड़ से ज्यादा वाहनों और 22 करोड़ से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस का रिकॉर्ड मौजूद है। इस लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा सरकारी डेटाबेस माना जा सकता है।

### प्राइवेसी और कानूनी सुरक्षा

सरकार का कहना है कि संवेदनशील पर्सनल डेटा की कंट्रोल्ड शेयरिंग होगी, ताकि नागरिकों की प्राइवेसी (निजता) बनी रहे। यह नियम डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 और मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुरूप होंगे। मंत्रालय ने 18 अगस्त को जारी एक परिपत्र में कहा, यह नीति व्यक्तिगत डेटा साझा करने के लिए सहमति के संबंध में हाल की कानूनी आवश्यकताओं के अनुरूप स्पष्ट दिशानिर्देश प्रदान करती है। हर स्टेकहोल्डर को वही डेटा मिलेगा जो उसके काम से जुड़ा होगा। जहां जरूरत होगी वहां नागरिक की सहमति भी अनिवार्य होगी। मंत्रालय ने साफ किया कि हर ट्रांजैक्शन में सुरक्षा और गोपनीयता को प्राथमिकता दी जाएगी।

सरकार ने डेटा शेयरिंग का सबसे सुरक्षित तरीका अढक-आधारित एक्सेस को माना है, जिसमें ऑथेंटिकेशन, एन्क्रिप्शन और क्ढ वाइटलिस्टिंग जैसी सुविधाएं होंगी। सरकारी विभाग आधार-वेरीफाइड पोर्टल से डेटा एक्सेस कर पाएंगे। प्राइवेट कंपनियों को नागरिक की सहमति के आधार पर एक्सेस मिलेगा और आम लोग केवल अपने व्यक्तिगत डेटा की वेरिफिकेशन कर पाएंगे। बड़े पैमाने पर डेटा ट्रांसफर केवल खास मामलों में ही होगा, वो भी एन्क्रिप्टेड माध्यम से। रिसर्च और पब्लिक यूज के लिए डेटा सरकार के ड़ि.ङ्क५.ल्ल पोर्टल पर अनाम रूप में उपलब्ध कराया जाएगा।

सरकार का उद्देश्य सरकार का मानना है कि यह नया फ्रेमवर्क ट्रांसपोर्ट सेवाओं को ज्यादा सुरक्षित, पारदर्शी और प्रभावी बनाएगा। इससे कारोबार करना आसान होगा और डेटा के गलत इस्तेमाल पर भी कड़ी रोक लगाई जा सकेगी।

### किसे मिलेगी कितनी पहुंच

इस नई नीति के तहत पुलिस और जांच एजेंसियों को पूरे डेटाबेस की पूरी पहुंच मिलेगी। राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश सिर्फ अपने-अपने क्षेत्र का डेटा देख पाएंगे। और देशभर का डेटा शेयर करने के लिए उन्हें टङ्कफळल्र से मंजूरी लेनी होगी। सरकारी एजेंसियों को अढक इंटीग्रेशन के जरिए डेटा तक पूरी पहुंच दी जाएगी। वहीं रिसर्च और शैक्षणिक संस्थानों को केवल अनाम (बिना नाम वाला) डेटा उपलब्ध कराया जाएगा।

### डेटा शेयरिंग के तरीके

डेटा शेयरिंग के लिए हर प्लेटफॉर्म की अलग भूमिका तय की गई है। वाहन (शॅल्ल) से गाड़ी का रजिस्ट्रेशन, मालिकाना हक, इंश्योरेंस और चालान की जानकारी मिलेगी। सारथी (रं१ ३) से ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता, अंतरराष्ट्रीय परमिट और अपराध का रिकॉर्ड मिलेगा। ई-चालान से ट्रैफिक उल्लंघन और कोर्ट केस की जानकारी मिलेगी, जबकि ई-डार (ीऊअफ) से सड़क हादसे से जुड़े ड्राइवर, पैसेंजर और पैदल यात्री का डेटा मिलेगा। ऋअरळ के जरिए गाड़ी से जुड़े बैंक अकाउंट और टोल ट्रांजैक्शन की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# बादल फटने से फिर तबाही

## आपदाओं के घाव से छलनी हुआ उत्तराखंड

## मलबे में समाया सब कुछ, जिंदगी हुई बेबस

**देहरादून।** बादल फटने से एक बाद फिर उत्तराखंड में भारी तबाही मची है। कुछ लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं कई मवेशी मलबे में दफन हो गए। बार-बार आपदाओं से उत्तराखंड कराह उठा है। आशियाने उजड़ गए। सपने बिखर गए हैं। बादलों के कहर ने उत्तराखंड को फिर घाव दिए हैं। जगह-जगह बादल फटने से घर मलबे में समा गए।शुक्रवार को फिर उत्तराखंड में अलग-अलग जगहों पर बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। चमोली जिले के देवाल ब्लॉक में बादल फटा है। जिसमें पति-पत्नी लापता हैं और दो लोग घायल हो गए, साथ ही 20 मवेशी मलबे में दबे हैं। वहीं टिहरी के भिलंगना ब्लॉक के गेंवाली गांव पर भी बादल फटा है। गनीमत यह रही कि यहां किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। इसके अलावा रुद्रप्रयाग में भी बादल फटा है। यहां जखोली ब्लॉक के छेनागाड़, बांगर सहित कई जगहों पर अतिवृष्टि से व्यापक नुकसान हुआ है।



देर रात से हो रही तेज बारिश शुक्रवार को भी जारी है। बृहस्पतिवार रात को तहसील देवाल के मोपाटा में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। कुछ घरों के मलबे में दबे होने की सूचना है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि मोपाटा में रहने वाले तारा सिंह और उनकी पत्नी लापता बताए जा रहे हैं। जबकि विक्रम सिंह और उनकी पत्नी घायल हुए हैं। इनके आवास और गोशाला के मलबे में दबने की सूचना है। इसमें 15 से 20 जानवर भी मलबे में दबने की सूचना है।



### कर्णप्रयाग में मूसलाधार बारिश के चलते कालेश्वर में पहाड़ से आया मलबा



कर्णप्रयाग में मूसलाधार बारिश के चलते कालेश्वर में ऊपर पहाड़ से मलबा आया है जो लोगों के घरों में घुस गया। जेसीबी मशीन के द्वारा मलवा हटाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। अलकनंदा और पिंडर नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है। कर्णप्रयाग के सुभाषनगर में पहाड़ी से बोल्डर और मलबा गिरने से सड़क बंद हो गई है।

### टिहरी के भिलंगना ब्लॉक में भी फटा बादल

भिलंगना ब्लॉक के गेंवाली गांव के ऊपर बीती रात को बादल फटने की घटना हुई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि बादल फटने से कोई जनहानि नहीं हुई है। कृषि भूमि, पेयजल लाइन, विद्युत लाइनों को नुकसान पहुंचा है। राजस्व विभाग की टीम गेंवाली गांव रवाना हो गई है। अलग–अलग स्थान पर पैदल पुलिया और रास्ते टूट गए हैं।

# डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी मामले में कोर्ट सख्त

## बीटा-2 थाना को जीरो एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**नोएडा।** पहले बीटा-2 कोतवाली और बाद में पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पाया कि लखनऊ के थाना विभूति खंड में पहले से ही इस विषय पर मुकदमा दर्ज है। बावजूद इसके कोर्ट ने कहा कि प्रथम द्दष्टया संज्ञेय मामला बनता है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पत्नी व मैनपुरी से लोकसभा सांसद डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी के मामले में कोर्ट ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम गौतमबुद्धनगर की न्यायालय ने बीटा-2 थानाध्यक्ष को जीरो एफआईआर दर्ज कर अनुपालन आख्या एक सप्ताह में अदालत में प्रस्तुत करने के आदेश दिया है। साथ ही केस की विवेचना थाना विभूति खंड लखनऊ पुलिस को ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। जहां पहले से इस मामले में मुकदमा दर्ज है। अधिवक्ता व समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव रामशरण नागर ने प्रार्थना पत्र दाखिल कर आरोप लगाया कि 26 जुलाई 2025 की सुबह एक टीवी चैनल पर मुस्लिम स्कॉलर व ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष बताए जाने वाले मौलाना साजिद रसीदी का वीडियो प्रसारित हुआ।



जिसमें उन्होंने डिंपल यादव को लेकर आपत्तिजनक व अपमानजनक टिप्पणी की। उस वक्त उनके साथ कई अधिवक्ता और परिचित मौजूद थे। जिन्होंने इस टिप्पणी पर गहरा आक्रोश जताया। इस तरह के बयान से न केवल एक महिला सांसद का अपमान हुआ। बल्कि देशभर की करोड़ों महिलाओं की गरिमा भी आहत हुई। इस टिप्पणी से साम्प्रदायिक तनाव फैलने और शांति व्यवस्था भंग होने का खतरा भी पैदा हो गया था।

पहले बीटा-2 कोतवाली और बाद में पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पाया कि लखनऊ के थाना विभूति खंड में पहले से ही इस विषय पर मुकदमा दर्ज है। बावजूद इसके कोर्ट ने कहा कि प्रथम द्दष्टया संज्ञेय मामला बनता है। जिसकी सत्यता विवेचना से स्पष्ट होगी। इसलिए अदालत ने बीटा-2 थानाध्यक्ष को आदेशित किया कि रिपोर्ट को जीरो एफआईआर के रूप में दर्ज कर नियमानुसार विवेचना कर लखनऊ पुलिस को ट्रांसफर करें।

# संभल बवाल जांच रिपोर्ट 100 से ज्यादा लोगों के बयान, 271 दिन में हुई तैयार...

**संभल।** जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल के बाद 29 नवंबर को गठित किए गए न्यायिक जांच आयोग ने 271 दिन बाद सीएम योगी आदित्यनाथ को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच के दौरान आयोग ने लगभग 100 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए। सूत्रों का कहना है कि इस रिपोर्ट में बवाल की साजिश रचने से लेकर बवाल के दौरान सक्रियता और कमजोरी का भी उल्लेख किया गया है। आजादी के बाद जो दंगे और बवाल हुए उनका भी उल्लेख है। सांसद और जामा मस्जिद कमेटी के सदर बवाल की साजिश के आरोप में पहले से घिरे हैं। सूत्रों का कहना है कि न्यायिक जांच आयोग ने इसका भी उल्लेख अपनी रिपोर्ट में किया है।

24 नवंबर को हुए बवाल के बाद 29 नवंबर को शासन की ओर से हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज देवेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में इसका गठन किया गया था। इसमें सेवानिवृत्त आईपीएस एके जैन और आईएएस अमित प्रसाद सदस्य के रूप में शामिल किए गए। आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा पहला दौरा संभल का पहली दिसंबर को किया गया था। पहले दौरे के दौरान उन इलाके का भ्रमण किया था जहां बवाल हुआ था।



# सीएम नीतीश कुमार की कैबिनेट का महिलाओं के लिए बड़ा फैसला, रोजगार के लिए मिला सीधा ऑफर

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के लिए नई पहल की घोषणा की है। कैबिनेट की बैठक में ह्यमुख्यमंत्री महिला रोजगार योजनाह्ल को मंजूरी दी गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने 2005 में सत्ता संभालने के बाद से ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं और अब इसी दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।



### एक्स अकाउंट पर साझा किया बड़ा निर्णय

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) पर महिला सशक्तिकरण को लेकर एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने लिखा कि नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब महिलाएं अपनी मेहनत से न केवल राज्य के विकास में योगदान दे रही हैं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही हैं।

### कैबिनेट बैठक में मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजनाह्ल को मंजूरी दी गई है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के हर परिवार की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

### योजना की प्रमुख बातें

प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार रुपये प्रथम किस्त के रूप में दिए जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, जिसका संचालन ग्रामीण विकास विभाग करेगा। नगर विकास एवं आवास विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा। सितंबर 2025 से महिलाओं के बैंक खातों में सीधे राशि का हस्तांतरण शुरू होगा। रोजगार शुरू करने के छह माह बाद महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता दी जा सकेगी। महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से लेकर शहर तक हाट बाजार विकसित किए जाएंगे।

### रोजगार और सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। साथ ही राज्य के भीतर ही बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे लोगों को मजबूरी में बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### मोहन भागवत के बयान पर ओवैसी का सवाल, भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है संघ?

**नईदिल्ली।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक दंपती के तीन बच्चे की वकालत करते हुए कहा था कि जिस समाज में परिवारों के तीन से कम संतानें हों, उनका अस्तित्व धीरे–धीरे खत्म हो जाता है। इस पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाए हैं।

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र जतिन कुमार से समस्त रिश्ते नाते व सम्बन्ध समाप्त कर उसको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे हमारा व हमारे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा तथा अपने द्वारा किये गये किसी भी लेन–देन, व्यवहार या कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार का कोई उत्तरदायित्व किसी प्रकार का नहीं होगा।

**प्रार्थीगण**

विजय कुमार पुत्र वेद प्रकाश एवं श्रीमती सुनीता पत्नी विजय कुमार, निवासीगण 433,गली नंबर–4, सेवा नगर, गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...







# नगर निगम कर्मचारी संघ में अनुराग नागर का पैनल जीता, रविंद्र ग्रुप का सूपड़ा साफ

## अनुराग नागर को मिले 203, मयूर गिरधर को 200 और संगठन मंत्री को 198 वोट



## कुल 344 निगम कर्मचारियों ने किया मताधिकार का प्रयोग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को नगर निगम कार्यकारिणी संघ गाजियाबाद वर्ष 2025-28 के लिए नई कार्यकारिणी का मतदान हुआ। इस मतदान के बाद मतगणना हुई, जिसमें अध्यक्ष पद के साथ सभी पदों पर चुनाव चिन्ह शेर के निशान वाले अनुराग नागर का पैनल विजयी हुआ है, जबकि घोड़े के चुनाव चिन्ह के साथ दूसरे पैनल में शामिल रविंद्र कुमार का पैनल का सूपड़ा साफ हो गया। अध्यक्ष पद पर विजयी हुए अनुराग नागर के पूरे पैनल के सभी पदाधिकारियों ने भारी मतों से जीत कर दर्ज करते हुए विजय हासिल की है। तो चुनाव अधिकारी ब्रह्मसिंह ने जानकारी दी है कि कुल 344 नगर निगम कर्मचारियों ने मताधिकार का प्रयोग किया। 341 मतों के आधार पर हार और जीत का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार को बारिश होने की बावजूद भी नगर निगम कर्मचारी संघ गाजियाबाद के चुनाव में पूरा जोश और उत्साह देखने को मिला।

### विजेता अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बोले जल्द पूरे करवाएंगे कर्मचारियों के रुके काम

**करंट क्राइम :** नगर निगम कर्मचारी संघ गाजियाबाद के नवनियुक्त अध्यक्ष अनुराग नागर और उपाध्यक्ष मयूर गिरधर ने कहा है कि जो भी नगर निगम कर्मचारियों के काम हैं, उनको जल्द करवाया जाएगा। कर्मचारियों ने जिस आश्वासन और भरोसे के साथ उनको विजयी बनाया है ,वह उसपर पूरी तरह से खरे उतरेंगे।

### किसे मिले कितने मत

| पद | नाम | वोट | जीते | हारे |
|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | अनुराग नागर | 203 | 65 मतों से | रविंद्र कुमार 138 |
| उपाध्यक्ष | मयूर गिरधर | 200 | 63 मतों से | संजय शर्मा 137 |
| महामंत्री | महेंद्र प्रताप | 189 | 40 मतों से | कुलदीप शर्मा 149 |
| उप महामंत्री | भीम सिंह | 197 | 58 मतों से | निजामुद्दीन 139 |
| संगठन मंत्री | आकाश शर्मा | 198 | 56 मतों से | योगेश यादव 142 |
| प्रचार मंत्री | निजामुद्दीन | 197 | 55 मतों से | रमेश चंद्र जोशी 142 |
| कोषाध्यक्ष | सुनील कुमार | 195 | 52 मतों से | रविंदर पाल 143 |
| कार्यालय मंत्री | विक्रम सिंह | 197 | 56 मतों से | संदीप 141 |

### बारिश के बावजूद भी निगमकर्मियों में दिखा चुनाव का उत्साह

**करंट क्राइम :** नगर निगम में शनिवार को कर्मचारी संघ गाजियाबाद 2025 से 28 का चुनाव था। चुनाव में जहां चुनाव चिन्ह शेर वाला दल बल दिखा रहा था। तो वहीं घोड़े वाले भी पीछे-पीछे दौड़ रहे थे। कुल मिलाकर नगर निगम के चुनाव में नगर निगम कर्मचारियों का जोश कम नहीं हुआ। बारिश के बावजूद भी सुबह से मतदान को लेकर उत्साह और उत्सुकता का माहौल बना रहा। दोनों पैनल अपने-अपने कैंप में जमे रहे। इस दौरान कुल 344 नगर निगम कर्मचारियों ने मताधिकार का प्रयोग किया है।

# ऑपरेशन कवच में दूसरे दिन पुलिस अधिकारियों ने ली सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

## 200 पुलिसकर्मियों ने लिया भाग



### कई तरीके की सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दी गई

करंट क्राइम : दो दिवसीय कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को किसी भी हमले और आपात स्थिति में बिना हथियारों के किस प्रकार से डिफेंस करना है, इसकी भी ट्रेनिंग दी गइ है। तो इस दौरान सिंगल हैंड, डबल हैंड, फ्रंट बैक और चाकू से कोई हमला करे तो किस तरीके से बचाव करना है सहित अन्य महत्वपूर्ण बचाव की तकनीक सिखाई गई है। इस दौरान बताया गया है कि कवच संस्था कई सरकारी एवं निजी क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करने का काम करती है।



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिसकर्मियों को किसी भी हमले, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में दो दिनों के भीतर पुलिस कर्मियों ने ट्रेनिंग हासिल की।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पुलिसकर्मियों को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देने के लिए आयोजित किए गए खास कार्यक्रम कवच के दौरान दूसरे दिन 200 से अधिक पुलिसकर्मियों और पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा, एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय, एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम, एसीपी ट्रैफिक तृतीय अजय कुमार सिंह, एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह कई थाना प्रभारियों, स्वॉट टीम के सदस्यों और अलग-अलग जोन के 200 पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देने वाली संस्था कवच के मुख्य प्रशिक्षक वरुण रावत और दिव्या पंवार के साथ टीम के सदस्यों को डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल द्वारा पुलिस कर्मियों को सेल्फ डिफेंस की विशेष ट्रेनिंग देने के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

# राजनगर एक्सटेंशन में 92 करोड़ से बनेगा भव्य स्पोर्ट्स कंपलेक्स

**- खिलाड़ियों को मिलेगी विश्व स्तरीय सुविधाएं**
**- शासन स्तर से मिली मंजूरी, इनडोर से लेकर आउटडोर गेम का रहेगा प्रबंध**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में जल्द ही राज नगर एक्सटेंशन में 92 करोड़ की लागत से भव्य स्पोर्ट्स कंपलेक्स बनाया जाएगा। इसमें स्थानीय खिलाड़ियों और नागरिकों को खेल की विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेगी। तो अपने स्वास्थ्य और फिजिकल वर्क करने वाले लोगों को भी यहां कई तरीके के इनडोर और आउटडोर गेम उपलब्ध कराए जाएंगे। 48 हजार स्क्वायर मीटर क्षेत्र में बनने वाले इस परिसर में इनडोर खेल के साथ ही क्रिकेट पिच, फिट इंडिया जोन, किड्स जोन एरिया, टेनिस लॉन, वॉलीबॉल, जॉगिंग ट्रेक और 30 से अधिक इनडोर गेम्स की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिसमें अलग-अलग उम्र के लोग और स्थानीय नागरिक भाग ले सकेंगे।



### भव्य बिल्डिंग के साथ ही ओपन कैफेटेरिया और क्लिनिक भी होगा मौजूद

करंट क्राइम : नगर आयुक्त गाजियाबाद विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल ने गाजियाबाद में यह सुविधा मिलने पर शासन को धन्यवाद दिया है। साथ ही अधिकारियों को कार्य तेजी से शुरू करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान दोनों ने नगर वासियों को बधाई दी है कि गाजियाबाद में बनने वाले भव्य स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में दो मंजिला बिल्डिंग में बैठक हाल बनेगा। तो ओपन कैफेटेरिया के साथ ही गेस्ट रूम, बोर्ड गेम रूम ,योग रूम और डॉक्टर का क्लीनिक शामिल किया गया है। यहां बड़ी संख्या में हरियाली भी विकसित की जाएगी ताकि यहां का वातावरण कूल रखने के साथी पर्यावरण के लिए भी लाभदायक रहे।

### क्रिकेट पिच से लेकर वॉलीबॉल और लॉन टेनिस का रहेगा प्रबंध

करंट क्राइम : गाजियाबाद के उन खिलाड़ियों के लिए भी यह खबर राहत देने वाली और जोश भरने वाली है जो आउटडोर और इनडोर गेम्स खेलने के लिए दिल्ली या कहीं बाहर जाते हैं। अब उन्हें इनडोर खेल के साथ ही क्रिकेट पिच , फिट इंडिया जोन, किड्स प्ले एरिया, टेनिस लॉन, वॉलीबॉल, जॉगिंग ट्रेक और 30 से अधिक आउटडोर गेम्स खेलने के लिए भी यहां सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही यहां जो निर्माण कार्य करवाया जाएगा इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम को 92 करोड़, 22 लाख, 49 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

# बन गई निगम चुनाव को लेकर नामों पर सहमति

## विनील दत्त-प्रवीण चौधरी-पवन कुमार-गौरव सोलंकी और मुलायम के नाम पर सहमति के संकेत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर घटनाक्रम पर दैनिक करंट क्राइम लगातार नजर रख रहा है। दैनिक करंट क्राइम ने सबसे पहले ये बताया था कि पार्षद मोर्चा खोलेंगे और यहां संगठन को वीटो लगानी पड़ेगी। सूत्र बताते हैं कि शुक्रवार को एक बैठक महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और मेयर सुनीता दयाल के बीच हुई है।

चुनाव से ठीक पहले ये बैठक हुई है और बताया जा रहा है कि यहां नामों को लेकर गहन, मंथन, चिंतन हुआ है और सबकी पसंद के नाम आ गए हैं। सूत्र बताते हैं कि कई नामों पर चर्चा हुई है और यहां कुछ नामों पर सहमति बनी है और संगठन से लेकर जनप्रतिनिधियों के नाम आ गए हैं। अब एक सितंबर को ये चुनाव होना है और इस बात की प्रबल संभावना जताई जा रही है कि कोर कमेटी की बैठक ना हो और बात ऐसे ही बन जाए। कार्यकारिणी का चुनाव अब लगातार रोचक होता जा रहा है। एक तरफ पार्षदों का ऐलान है और दूसरी तरफ इस बात की भी संभावना है कि आम सहमति बने और तीसरी संभावना लगातार स्थगित होने वाली बनी हुई है।

### वाइल्ड कार्ड एंट्री ली है प्रवीण चौधरी ने



(करंट क्राइम)। कार्यकारिणी के इस गेम में राजनगर के पार्षद प्रवीण चौधरी की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई है। प्रवीण चौधरी पहले भी निगम कार्यकारिणी सदस्य रहे हैं। वो निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं और इस चुनाव में वो फिर से आ रहे हैं। माना जा रहा है कि उनकी ये एंट्री वाइल्ड कार्ड एंट्री है।

### चुनाव स्थगित होने के प्रबल आसार

(करंट क्राइम)। सूत्र बताते हैं कि एक नाम ऐसा है जिस पर घमासान मच रहा है और इस नाम को लेकर कोई अड़ा हुआ है तो कोई इस नाम की सिफारिश में खड़ा हुआ है। माना ये जा रहा है कि इस नाम को लेकर अभी घमासान और बढ़ेगा और इस नाम का घमासान कार्यकारिणी चुनाव का प्लान भी बदलवा सकता है। सूत्र बताते हैं कि एक पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ने इस नाम से संपर्क साधा और बताया कि बाकी तो सब कुछ मस्त है, लेकिन हमें तो खटका इस बात का है कि तुम्हारे नाम पर चुनाव ही निरस्त ना हो जाए। सूत्र बताते हैं कि एक कार्यकारिणी सदस्य ने भी भाजपा के पार्षद से संपर्क साधा और कह दिया कि तुम्हारी वजह से ये चुनाव टलेगा। हालांकि कितना टलेगा और क्या होगा ये अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन माना जा रहा है कि इस नाम पर घमासान मच गया है। सूत्र बताते हैं कि ये वो नाम बताया जा रहा है जिसकी शिकायत धरना देने के मामले में भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल से की गई थी।

### शहर विधायक ने दिया है विनील दत्त का नाम!



करंट क्राइम। कोर की बैठक भले ही नहीं बैठी है, लेकिन यहां कार्यकारिणी के नामों को लेकर जनप्रतिनिधि और संगठन के बीच आम सहमति बनी है। सभी ने अपने-अपने नाम दिये हैं। इस बार कार्यकारिणी के लिये पार्षद विनील दत्त का नाम माना जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि विनील दत्त का नाम शहर विधायक संजीव शर्मा ने दिया और इस नाम के सहारे उन्होंने अपनी विधानसीभा में दलित कार्ड चला है और यहां उन्होंने दलित वर्ग को साथ लेकर चलने का संदेश दिया है।

### लेडी जनप्रतिनिधि ने दिया है अजीत निगम और धीरज अग्रवाल का नाम!




करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि एक सितंबर को होने वाले निगम कार्यकारिणी चुनाव के लिये लेडी जनप्रतिनिधि ने अजीत निगम और धीरज अग्रवाल का नाम दिया है। एक नाम शहर सीट से है और दूसरा नाम नदिया पार से है। ये दोनों नाम लेडी जनप्रतिनिधि के नाम माने जा रहे हैं।

### किस नाम पर लगवा ली अध्यक्ष ने सहमति की मुहर

(करंट क्राइम)। जहां जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने नाम दिये हैं वहीं एक नाम पर महानगर अध्यक्ष की मुहर लगी है। सूत्र बताते हैं कि इसी नाम में पूरे गेम का ट्विस्ट छिपा हुआ है। इस नाम की हैवीवेट सिफारिश हुई है। सरकार खुद चलकर संगठन वालों के घर पहुंची है और इसका इफेक्ट भी नजर आ रहा है।

### किस कांग्रेस पार्षद का रखा जनप्रतिनिधि ने ध्यान

(करंट क्राइम)। भाजपा यहां कार्यकारिणी गेम में वोटों के गणित के लिहाज से काफी मजबूत है और ऐसे में भाजपा यहां पांच सदस्यों को ला सकती है। जिस एक विपक्ष के चेहरे को आना है उसके पास केवल तीन वोट हैं, लेकिन बताया जाता है कि यहां एक जनप्रतिनिधि ने कांग्रेस के इस चेहरे पर पूरा फोकस रखा है और भाजपा के जनप्रतिनिधि का आशीर्वाद अगर इस चेहरे पर रहा तो वो बहुत ही मुलायम तरीके से कार्यकारिणी का चुनाव जीत जाएंगे क्योंकि उन्हें सपोर्ट भाजपा जनप्रतिनिधि ने किया है लिहाजा भाजपा के वोट भी आएंगे।

### हैवीवेट मुलाकात ने दिखाया है ठाकुर नाम पर असर



(करंट क्राइम)। नदिया पार से गौरव सोलंकी का नाम मजबूती से चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि इस नाम पर हैवीवेट मुहर लगी है और गुरुवार को जो मुलाकात कैबिनेट वालों की महानगर अध्यक्ष आवास पर हुई है उस मुलाकात ने असर दिखाया है और यहां गौरव सोलंकी का नाम पूरी मजबूती के साथ सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि गुरुवार को महानगर अध्यक्ष के आवास पर कैबिनेट वालों ने मुलाकात की थी और इस मुलाकात के इफेक्ट सामने आये हैं। इस नाम पर भी पावरफुल सहमति आ गई है।

### मदन राय साबित हो सकते हैं तुरुप का इक्का



(करंट क्राइम)। पार्षद मदन राय ने पहले ही कार्यकारिणी चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जो पार्षद एक बार कार्यकारिणी में रहा है वो चुनाव नहीं लड़ेगा, वो दावेदारी भी कर रहे हैं और सूत्र बताते हैं कि मदन राय इस गेम में तुरुप का इक्का हो सकते है। एक नाम पर पेंच फंसने की पूरी उम्मीद है और अगर इसका कोई समाधान नहीं निकलता तो यहां मदन राय तुरुप का इक्का साबित होंगे। उनका नाम यहां आ सकता है। वहीं इस पूरे सीन में पार्षद सतेंद्र कुमार भी सामने आ गए हैं।

### कार्यकारिणी का चुनाव टैक्निकली जरूरी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर ये माना जा रहा है कि एक चेहरे को लेकर यहां घमासान हो सकता है और चुनाव का प्लान चेंज भी हो सकता है। सत्र बताते हैं कि यहां अधिकारी ये चाहेंगे कि कार्यकारिणी चुनाव जरूर हो क्योंकि यहां खर्च से जुड़ा तकनीकी पेंच आ रहा है। जनवरी, फरवरी में बजट पास हो जाता है। इस बार अब तक बजट पास नहीं हुआ है और मार्च से पहले बजट आना भी है और खर्च भी होना है। बताया जाता है कि छह महीने से निगम में बिना बजट के ही खर्चा हो रहा है। जो कि लीगल रूप से गलत है और खर्च के लिये बजट का पास होना जरूरी है। खर्च पर कार्यकारिणी की मुहर लगना जरूरी है। ऐसे में निगम कार्यकारिणी का चुनाव जरूरी है और कार्यकारिणी का चुनाव होते ही बजट पर मुहर लगेगी।

### विधायक अजीतपाल का मिला है दो नामों को आशीर्वाद!




(करंट क्राइम)। आमतौर पर विधायक खुद को कार्यकारिणी जैसे चुनाव से अलग रखते हैं और नामों पर सहमति बनाने की कोशिश करते हैं। वो संगठन या मेयर के नाम पर ही ओके रिपोर्ट लगा देते हैं। सूत्र बताते हैं कि इस बार जनप्रतिनिधियों ने भी पार्षदों का ध्यान रखा है। सबकी पसंद के नाम चर्चा में आ रहे हैं। बताया जाता है कि मुरानगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने वेव सिटी से पार्षद पवन कुमार और अमित डबास की पार्षद पत्नी के नामों को दिया है।

## संपादकीय

# वार्ता से रास्ता निकले

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की यह उम्मीद कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आएंगे, मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। अच्छी बात यह है कि अमेरिका के एकतरफा टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद बातचीत का रास्ता बंद नहीं हुआ है। वॉशिंगटन और नई दिल्ली, दोनों मिलकर इस मसले को सुलझा सकते हैं। भड़काने वाले बयान भारत पर थोपे गए ट्रंप के 50% टैरिफ को लेकर अमेरिका में साफ तौर पर दो विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। एक धड़ा कूटनीतिक सीमाओं के इतर जाकर बयानबाजी कर रहा है और जिसकी वजह से दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ा है। वहीं, दूसरे धड़े का मानना है कि रूस से तेल खरीदने के लिए केवल भारत को निशाना बनाना सही नहीं, जबकि सबसे बड़ा खरीदार चीन है। ऐसे माहौल में जरूरी है कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर संवाद जारी रहे। अच्छी बात यह है कि बेसेंट के मुताबिक, दोनों पक्ष मौजूदा हालात को लेकर चिंतित हैं और मसले को सुलझाना चाहते हैं। आपसी सहयोग जरूरी भारत-अमेरिका का रिश्ता केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। हाल के बरसों में दोनों ने सुरक्षा, तकनीक, ऊर्जा समेत दूसरे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाया है। चीनी मनमानी पर नियंत्रण के लिए अमेरिका को खासतौर पर भारतीय सहयोग की जरूरत है। इसी मकसद से क्वॉड का गठन किया गया, जिसे अमेरिकी सरकार ने तवज्जो भी दी। लेकिन, ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की वजह से क्वॉड के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, वॉशिंगटन में यह भी चिंता है कि पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका रिश्तों में जो प्रगति हुई थी, वह इन कुछ दिनों में बेकार हो गई। दुनिया पर असर भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना लोकतंत्र। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और अमेरिका सबसे अमीर अर्थव्यवस्था। दोनों देशों के बीच टकराव बढ़ता है, तो असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। अमेरिकी मांग के अनुसार, भारत अगर रूस से खरीदारी बंद भी कर देता है, तो इससे ग्लोबल ऑयल सप्लाई बाधित होगी और तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। वर इस पहलू को लगातार नजरअंदाज कर रहा है। गतिरोध खत्म हो दोनों देशों के बीच पिछले एक दशक में द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना हो गया है और इसे 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन यह तभी संभव है, जब मौजूदा गतिरोध खत्म हो। इसके लिए बातचीत ही रास्ता है। अड़ियल रुख अपनाने के बजाय अमेरिका को भारतीय नजरिया समझने की जरूरत है।

## जापान के पीएम इशिबा बोले

# जापान की तकनीक और भारत की प्रतिभा से आर्थिक संबंध मजबूत



**नई दिल्ली।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने कहा कि जापान की उन्नत तकनीक और भारत की उत्कृष्ट प्रतिभा एक-दूसरे की पूरक हैं। इससे हमारे आर्थिक संबंधों का विस्तार हो रहा है। कई जापानी कंपनियां मेक इन इंडिया पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जापान की तकनीक और भारत की प्रतिभा ने आर्थिक संबंधों को विस्तार दिया है।

जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने शुक्रवार को भारत-जापान आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि जापान ने मेक इन इंडिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### वाराणसी यात्रा को किया याद

इशिबा ने आगे कहा कि वह सहयोग और लोगों के बीच संबंधों में वृद्धि देखना चाहते हैं। उन्होंने अपनी वाराणसी यात्रा का भी जिक्र किया और प्रौद्योगिकी एवं संस्कृति के मेल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि भविष्य में हमारा द्विपक्षीय सहयोग निरंतर विकसित होता रहे। प्रधानमंत्री मोदी 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 29-30 अगस्त तक जापान की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

### भारत और जापान एक-दूसरे के पूरक


इशिबा ने कहा कि जापान की उन्नत तकनीक और भारत की उत्कृष्ट प्रतिभा एक-दूसरे की पूरक हैं। इससे हमारे आर्थिक संबंधों का विस्तार हो रहा है। कई जापानी कंपनियां मेक इन इंडिया पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आज हमारी कंपनियों के बीच नए सहयोग दस्तावेजों पर हस्ताक्षर, भारत में अपने निवेश को आगे बढ़ाने और सहयोग को मजबूत करने के लिए जापान की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह प्रमाण देता है कि हम दोनों देशों को इर्द-गिर्द केंद्रीत अपनी आपूर्ति शृंखला का लगातार निर्माण कर रहे हैं।

### उन्होंने प्रमुख पहलों का जिक्र किया

उन्होंने कहा कि प्रमुख पहलों में लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत नीति के तहत तकनीक और बाजारों का लाभ उठाना, और सेमीकंडक्टर, जैव ईंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग करना शामिल है। एआई, अंतरिक्ष और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रयास जारी हैं। दोनों सरकारें इन पहलों का समर्थन करती हैं। इनका उद्देश्य अनिश्चित वैश्विक अर्थव्यवस्था में लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं और आर्थिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

# हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 270 अंक टूटा, निफ्टी 24500 के नीचे



**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 270.92 अंक गिरकर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 74.05 अंक गिरकर 24,426.85 अंक पर आ गया। शुक्रवार को भी शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 270.92 अंक या 0.34 प्रतिशत गिरकर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 74.05 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 24,426.85 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 61 पैसे गिरकर 88.19 (अनंतिम) के सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर बंद हुआ।

# जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.8 प्रतिशत बढ़ा, राजकोषीय घाटा 29.9% पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** सरकार ने जून तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी कर दिए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश का सकल घरेलू उत्पाद वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले यह आंकड़ा 6.5 प्रतिशत था। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में यह भी बताया गया है कि देश का बजटीय घाटा या राजकोषीय घाटा बढ़कर 29.9% पर पहुंच गया है। अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। अमेरिका की ओर से विनाशकारी टैरिफ लगाए जाने से पहले बीती पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण हुई। भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, क्योंकि अप्रैल-जून की अवधि में चीन की जीडीपी वृद्धि 5.2 प्रतिशत थी।

आंकड़ों के अनुसार, पिछली उच्चतम जीडीपी वृद्धि 2024 के जनवरी-मार्च में 8.4 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2024-25 की अप्रैल-जून अवधि में 1.5 प्रतिशत थी। हालांकि, वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मामूली रूप से बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 7.6 प्रतिशत थी।

# रिलायंस एजीएम में मुकेश अंबानी का ऐलान, 2026 की पहली छमाही तक जियो आईपीओ, बोले: भारत तरक्की की राह पर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की 48वीं वार्षिक आम बैठक यानी एजीएम शुरू हो गई है। इस मौके पर बोलते हुए रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी ने कहा है कि भारत तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने लंबे समय से प्रतिक्षित जियो के आईपीओ के बारे में भी बताया। मुकेश अंबानी ने बताया कि आईपीओ के सारे प्रबंध पूरा करते हुए इसे 2026 की पहली छमाही तक लाने की कोशिश होगी।



एजीएम में बोलते हुए आरआईएल के प्रमुख मुकेश अंबानी ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत उभर रहा है और इसे कोई रोक नहीं सकता। मुकेश अंबानी ने कहा, भारत पहले ही दुनिया की शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जीडीपी सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में सबसे तेजी से बढ़ रही है। भारत को दुनिया के मॉडल की नकल करने की जरूरत नहीं है। हमारे पास अपना विजन है। हमारे पास अपना इंडिया फर्स्ट मॉडल बनाने की क्षमता है।

### डिज्नी के सीईओ बोले- भारत डिज्नी के लिए सबसे महत्वपूर्ण और रोमांचक बाजार

रिलायंस के एजीएम के दौरान मेटा के संस्थापक व सीईओ मार्क जकरबर्ग और गूगल के सीईओ सुंदर पिचई ने भी अपना संदेश दिया। एजीएम के दौरान मुकेश अंबानी ने एक नई सहायक कंपनी 'रिलायंस इंटेलिजेंस' का भी अनावरण किया। उन्होंने गूगल और मेटा के साथ गठजोड़ की भी घोषणा की। डिज्नी के सीईओ बॉब इगर ने कहा, भारत दुनिया भर में डिज्नी के लिए सबसे महत्वपूर्ण और रोमांचक बाजारों में से एक है। जियोस्टार ने 30 करोड़ पेड सब्सक्राइबर्स के साथ मनोरंजन उद्योग में तेजी से खुद को एक वैश्विक ताकत के रूप में स्थापित किया है।

## SPECIAL WISHES

दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिला एमएमजी अस्पताल में आईडीएसपी लैब में डाटा मैनेजर पद पर कार्यरत अफसा चौधरी के जन्मदिन पर उनके परिवार के लोगों ने, उनके शुभ चिंतकों ने, उनके सभी मित्रों और समर्थकों ने उन्हें जन्मदिन की विशेष बधाई दी। उनकी लंबी आयु उत्तम स्वस्थ यशस्वी जीवन की कामना की।




## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

संता ने बंता से पूछा - अच्छा बताओ अधूरे सपने पूरे करने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
बंता ने कहा - आसान है यार, फिर से सो जाना चाहिए।

---

सेठ (नौकर से) - जरा देखना... कितना टाइम हो रहा है?
नौकर - मुझे टाइम देखना नहीं आता।
सेठ - अच्छा कोई बात नहीं, ये देखकर बताओ कि बड़ी सुई कहां है और छोटी सुई कहां है?
नौकर - दोनों सुइयां घड़ी के अंदर है।

---

आज तो चमत्कार हो गया मोनू...
मोनू - क्या हुआ?
सोनू - खीर का कटोरा मुंह से लगाया तो दूध पेट में और चावल कटोरी में रह गए।
मोनू - ऐसा कैसे हो गया?
सोनू - जल्दी-जल्दी में मैं मास्क उतारना ही भूल गया।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# गाज़ियाबाद से शुरू हुआ ब्रेथ ऑफ चेंज अभियान

## सड़क धूल प्रदूषण पर रोक के लिए कार्यशाला, आज खुलेगा ओपन स्ट्रीट इवेंट

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के लिए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाज़ियाबाद और राहगिरी फाउंडेशन के साथ मिलकर ब्रेथ ऑफ चेंज अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत शुक्रवार को गाज़ियाबाद में इंजीनियरों और नगर निकायों के अधिकारियों के लिए तकनीकी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में गाज़ियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अधिकारियों को सड़क धूल प्रदूषण नियंत्रण के लिए टिकाऊ रोड डिजाइन और कम्प्लीट स्ट्रीट्स मॉडल की जानकारी दी गई। सीएक्यूएम रिसोर्स लैब को एक डेमोंस्ट्रेशन हब के रूप में विकसित किया गया है, जहां अधिकारी सड़क किनारों पर हरियाली, उचित जल निकासी, नियमित सफाई और पैदल यात्रीझसाइक्लिंगझपब्लिक ट्रांसपोर्ट आधारित ढांचे को अपनाना सीखेंगे।







### सड़क धूल और वाहन उत्सर्जन बड़े कारक

**करंट क्राइम।** विशेषज्ञों ने बताया कि एनसीआर में सड़क और खुले क्षेत्रों से उठने वाली धूल प्रदूषण का 18 से 38% तक हिस्सा है, जबकि वाहन उत्सर्जन 20 से 41% तक प्रदूषण में योगदान करता है। खराब सड़क डिजाइन, बिना पक्के कंधे और सफाई की कमी इस समस्या को और बढ़ाते हैं। अभियान का दूसरा चरण जनता को सीधे जोड़ने के लिए शनिवार को केन्द्रीय विद्यालय रोड, कमला नेहरू नगर, गाज़ियाबाद पर सुबह 9 बजे से होगा। इस आयोजन में साइक्लिंग, स्केटिंग, वॉकिंग, आर्ट इंस्टॉलेशन, स्ट्रीट प्ले और खेल गतिविधियों के जरिए लोगों को साफ हवा और हरित शहर के महत्व से जोड़ा जाएगा। डॉ. एस.डी. अत्री (सदस्य, तकनीकी, सीएक्यूएम) ने कहा कि यह कार्यशाला इंजीनियरों और अधिकारियों को ठोस समाधान लागू करने के उपकरण दे रही है। सफलता के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता जरूरी है। अंकित सिंह (क्षेत्रीय अधिकारी, यूपीपीसीबी, गाज़ियाबाद) ने कहा कि सड़क की धूल ठउफमें प्रदूषण का बड़ा कारण है। यह पहल सड़क मालिक एजेंसियों के लिए व्यवहारिक समाधान देती है। वहीं सारिका पांडा भट्ट (सह-संस्थापक, राहगिरी फाउंडेशन) ने कहा कि ओपन स्ट्रीट इवेंट लोगों को दिखाता है कि सुरक्षित और मजेदार सड़क कैसी हो सकती है। इससे शहरों को सांस लेने लायक बनाने की प्रेरणा मिलेगी।

# धूमधाम के साथ विदा किये, गणपति गजानन!

## आंखें नम हो गई भक्तों की!! बीके शर्मा हनुमान

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** संजय नगर सेक्टर 23 अग्रवाल सदन में गणेश उत्सव परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वी के अग्रवाल द्वारा इस वर्ष गणेशोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। शुक्रवार की शाम गणपति बप्पा की विधिवत मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर परमार्थ सेवा ट्रस्ट के सभी भक्तों द्वारा एवं संजय नगर के सभी निवासीगण, महिलाएँ और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जैसे ही गणपति महाराज को विदा करने के लिए लेकर के चले तो सभी भक्तों की आंखों में आंसुओं की धारा निकली इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि



स्थापना उपरांत ट्रस्ट की ओर से अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, भजन संध्या एवं सामूहिक आरती, विशेष आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसने वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। शुक्रवार की शाम गणपति विसर्जन शोभायात्रा का आयोजन किया गया, संजय नगर के मुख्य मार्ग अग्रवाल सदन से आरम्भ होकर ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों के साथ सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के उपरांत भगवान गणेश की प्रतिमा को विधिवत गंग नहर में विसर्जन किया गया, तत्पश्चात इस कार्यक्रम की मौजूदगी में वानर भोज की भी व्यवस्था की गई हजारों वानरों ने प्रसाद पाकर इस कार्यक्रम की उपस्थिति दर्शाइ इस अवसर पर सुरेंद्र पाल त्यागी, राम गुप्ता, डॉ नीरज गर्ग, गौरव अग्रवाल, वैभव ठाकुर, सुशांत पांडे, सुरेंद्र तिवारी सुरेंद्र तिवारी, इंद्रेश तिवारी, देवी अशोक झा, मुकेश देवी, अंकुर अंकित, शालिनी आकांक्षा, अयांश अग्रवाल, आवे अग्रवाल मौजूद थे

# लोनी विधायक ने निजी खर्च से शुरू कराया गड्ढा भराव अभियान

## 2 लाख की धनराशि अपनी जेब से देकर वह 40 लाख रुपए अपनी निजी निधि से देकर गड्ढा भराव निर्माण कराया शुरू

**लोनी करंट क्राइम।** दिल्ली सहारनपुर रोड की बदहाल स्थिति को देखते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। विधायक ने निजी खर्च से गड्ढों को भरवाने का अभियान शुरू कराया है ताकि बरसात में यात्रियों को राहत मिल सके।

**33 करोड़ की लागत से जल्द बनेगा दिल्ली सहारनपुर रोड**



### बरसात में निर्माण कार्य संभव नहीं

करंट क्राइम। विधायक गुर्जर ने बताया कि इस सड़क के लिए लगभग 33 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण अभी निर्माण कार्य शुरू करना व्यर्थ होगा, क्योंकि पानी जमा होते ही सड़क दोबारा खराब हो जाएगी। लोनी विधायक का कहना है कि जब तक अवैध कॉलोनियों और नगर पालिका की लापरवाही से पैदा होने वाली जल निकासी की समस्या का हल नहीं होगा, तब तक यह सड़क टिकाऊ नहीं रह सकती। चौकी कॉलोनी से निकलने वाला पानी अक्सर दिल्लीझसहारनपुर रोड पर भर जाता है, जिससे हर बार सड़क टूट जाती है।

### दो साल पहले भी सामने आई थी साजिश

करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने याद दिलाया कि करीब दो वर्ष पहले विपक्षी दलों ने एक नाले को ब्लॉक कर दिया था। इससे पूरा पानी सड़क पर भर गया और सड़क टूटने लगी। तब उन्होंने मौके पर पहुंचकर नाले को खुलवाया था और आधे घंटे में सड़क पर जमा पानी सूख गया था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह सब जानबूझकर भाजपा सरकार और उनके विकास कार्यों की छवि खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि जनता सच्चाई जानती है और किसी भी साजिश से गुमराह नहीं होगी।

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारतवर्ष में 29 अगस्त के दिन को हॉकी के जादूगर महान खिलाड़ी ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश में अनेक संस्थाएं, संस्थान, विद्यालय अपने स्तर पर अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन करते हैं। इसी क्रम में नेहरू नगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर में खेलकूद प्रतियोगिता मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय में कक्षा 6 से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय स्तरीय बैडमिंटन, लंबी कूद ,ऊंची कूद, टेनिस ,दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन राठी ने सभी खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को जीवन में खेल के महत्व को समझाया । साथ ही खेल में रोजगार के अवसरों पर भी प्रकाश डाला ।खेल विभाग के प्रमुख विपिन शर्मा जी ने हॉकी के महान जादूगर श्री ध्यानचंद जी को स्मरण किया तथा उनके जीवन के अनेक प्रसंग सुनाएं ।बाहर से जीत कर आए बास्केटबाल, वालीबाल, वेटलिफ्टिंग के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। आज की खेल कूद प्रतियोगिता में खेल विभाग की लेफ्टिनेंट राजबाला सैनी ,शीतल, वेटलिफ्टिंग कोच सोनू सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी ।




# एआईएफएफ पर संकट के बादलों के बीच उतरेगी भारतीय फुटबॉल टीम, पहला मैच ताजिकिस्तान के खिलाफ



**नई दिल्ली।** भारत शुक्रवार को यहां सीएएफए नेशंस कप में पहली बार शिरकत करेगा और अपने अभियान की शुरूआत सह मेजबान ताजिकिस्तान के खिलाफ करेगा। नवनियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील के लिए यह चुनौतीपूर्ण टूनामेंट है। वह इस आठ देशों के टूनामेंट को नौ और 14 अक्तूबर को सिंगापुर के खिलाफ होने वाले एशियाई कप क्वालिफायर दौर के महत्वपूर्ण मैचों की तैयारी के तौर पर ले रहे हैं। टूनामेंट में ज्यादातर मध्य एशियाई देश शामिल हैं। भारतीय फुटबॉल महासंघ पर प्रतिबंध की तलवार लटक रही है।

जमील को मोहन बागान सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों के बिना भी यहां आना पड़ा। क्लब ने अपने सात खिलाड़ियों को इस आधार पर रिलीज नहीं किया था कि यह टूनामेंट फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो में नहीं आता है। स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री को भी बाहर रखा गया। जमील ने उनसे बात की थी क्योंकि यह टूनामेंट इससे बेहद महत्वपूर्ण एशियाई कप क्वालिफायर की तैयारी के लिए है।

सभी 23 खिलाड़ी आईएसएल क्लबों से हैं जिनमें से कुछ क्लब ने या तो अपनी पहली टीमों के भुगतान या परिचालन रोक दिए हैं क्योंकि आयोजक एफएसडीएल ने 11 जुलाई को शीर्ष स्तरीय लीग को स्थगित कर दिया था। भारत को ग्रुप बी में रखा गया है और शुक्रवार के बाद उसका सामना एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान से होगा।

इस बीच ग्रुप ए में सह-मेजबान उज्बेकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष टीमें फाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगी जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली दो टीमें तीसरे स्थान के लिए मैच खेलेंगी। दोनों मैच आठ सितंबर को खेले जाएंगे। जमील टूनामेंट से पहले बेंगलुरु में अपनी टीम के 10 दिवसीय तैयारी शिविर से संतुष्ट दिखे। उन्होंने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमने सीएएफए नेशंस कप के लिए अच्छी तैयारी की थी। यहां आने से पहले हर खिलाड़ी ने कड़ी मेहनत की थी। इस टूनामेंट में हिस्सा लेना हमारे लिए खुशी की बात है।'

भारत और ताजिकिस्तान पहले पांच बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं जिनमें से मध्य एशियाई देश ने तीन बार जीत हासिल की है। भारतीय टीम को ताजिकिस्तान के खिलाफ एकमात्र जीत एएफसी चैलेंज कप 2008 के फाइनल में मिली थी जिसमें उसने फारसी लायंस को 4-1 से हराया था। यह नतीजा 18 साल पहले का है। अब ताजिकिस्तान (फीफा रैंकिंग में 106वें स्थान पर) एक अलग टीम है। जमील भारत (फीफा रैंकिंग में 133वें स्थान पर) के लिए प्रतिद्वंद्वी टीम के खतरों से पूरी तरह वाकिफ हैं। लेकिन उनका ध्यान भारतीय टीम के प्रदर्शन पर है। उन्होंने कहा, 'हम उनके (ताजिकिस्तान) बारे में जानते हैं। उनकी टीम मजबूत है और हाल में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। लेकिन हमें अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना होगा और मानसिक रूप से तैयार रहना होगा।'

# सीएम सिद्धारमैया का बड़ा एलान, राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में वृद्धि

**कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को बड़ा एलान किया। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में वृद्धि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार एथलीटों को समर्थन देने और उन्हें अधिक ऊंचाइयां हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पदक विजेताओं को भी मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने खेल कोटे से पुलिस आबकारी विभाग में डिप्टी एसपी नियुक्त किए गए सुनील भाटी का उदाहरण देते हुए कहा, 'उच्च पदों पर पदोन्नति के अवसर भी उपलब्ध होंगे।' मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर देश और राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं को पांच करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को तीन करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को दो करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।'

### पदक विजेताओं पर होगी नोटों की बारिश

सिद्धारमैया ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देते करते हुए कहा, 'हमने स्वर्ण पदक विजेताओं को सात लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को पांच लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को तीन लाख रुपये देने का फैसला किया है।' इन खेलों में कर्नाटक 34 स्वर्ण, 18 रजत और 28 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा। सीएम ने आगे कहा, 'यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। मुझे उम्मीद है कि कर्नाटक अगले खेलों में पहला स्थान हासिल करेगा।'

इस दौरान सिद्धारमैया ने याद दिलाया कि 2015 में उनके पिछले कार्यकाल के दौरान स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं के लिए क्रमशः पांच लाख रुपये, तीन लाख रुपये और दो लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा, 'कर्नाटक ओलंपिक संघ ने राशि बढ़ाने का आग्रह किया था। हमने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और राशि में संशोधन किया है।' सिद्धारमैया ने यह भी कहा कि एथलीटों को पदक जीतने में मदद करने वाले प्रबंधकों और कोचों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, 'सरकार राज्य में खेलों को हर संभव सहयोग देगी। मैं शुरू से ही एथलीटों की मांगों को पूरा करता रहा हूं।'

# एफआईएच प्रो लीग में हिस्सा लेगी पाकिस्तान हॉकी टीम, तटस्थ स्थल पर भारत से हो सकता है सामना

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हॉकी टीम पुरुष एफआईएच प्रो लीग के सातवें सीजन का हिस्सा होगी। इस बात की संभावना अधिक है कि भारत और पाकिस्तान के बीच प्रारंपिक तौर पर होम-अवे प्रारूप में खेले जाना वाला इस टूनामेंट का यह मुकाबला तटस्थ स्थल पर हो सकता है। पाकिस्तान आगामी सत्र में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, भारत, नीदरलैंड और स्पेन के साथ शामिल होगा जिसके विस्तृत कार्यक्रम का अभी इंतजार है।



### न्यूजीलैंड की जगह पाकिस्तान को मिला मौका

पाकिस्तान को इस वर्ष की शुरूआत में मलेशिया में खेले गए एफआईएच हॉकी नेशंस कप के माध्यम से पदोन्नत किया गया था। न्यूजीलैंड ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर वह प्रतियोगिता जीत ली थी, लेकिन बाद में उन्होंने संकेत दिया कि वे इस बार प्रो लीग में शामिल होने के निमंत्रण को स्वीकार नहीं करेंगे। हॉकी की वैश्विक संस्था ने बयान में कहा, जैसा कि नियमों में निर्धारित है, एफआईएच ने उपविजेता, अर्थात पाकिस्तान को निमंत्रण दिया है, जिन्होंने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, सरकारी निर्देशों के अनुसार पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय खेल संबंध नहीं होंगे, लेकिन हमें अंतरराष्ट्रीय टूनामेंटों में उनके साथ खेलना होगा। अब जबकि पाकिस्तान 2025-26 प्रो लीग में शामिल है, हम उनके साथ एक तटस्थ स्थान पर खेलेंगे, जिस पर अभी फैसला होना बाकी है। पाकिस्तान भारत की यात्रा नहीं कर सकता।

### भारत सरकार ने बनाई थी खेल नीति

भारत सरकार ने हाल ही में एक खेल नीति बनाई थी जिसमें यह बताया गया था कि किसी भी खेल में पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जाएगी। इस साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। भारत और पाकिस्तान की टीमें एक दूसरे के देश में नहीं खेल रही हैं। हालांकि, सरकार ने ओलंपिक चार्टर का पालन करने का हवाला देते हुए टीमों को बहु-राष्ट्रीय टूनामेंट में शामिल होने से नहीं रोका है।

### एशिया कप के लिए भारत नहीं आई पाकिस्तान टीम

पाकिस्तान हॉकी टीम ने राजगीर में हो रहे एशिया कप के लिए भारत की यात्रा नहीं करने का फैसला किया था। भारत सरकार ने इस टूनामेंट में शामिल होने के लिए उनके खिलाड़ियों को वीजा देने का फैसला किया था, लेकिन पाकिस्तान हॉकी टीम नहीं आई।

# एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

## सेंटर फायर पिस्टल में भारत को स्वर्ण

## मानिनी को 50 मीटर राइफल प्रोन में कांस्य



**नई दिल्ली।** अनुभवी पिस्टल निशानेबाज गुरप्रीत सिंह ने लगातार दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन शुक्रवार को 25 मीटर सेंटर फायर स्पर्धा में भारत को टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया। सेना के इस 37 वर्षीय निशानेबाज ने राजकंवर सिंह संधू और अंकुर गोयल के साथ मिलकर सेंटर फायर पिस्टल में 1733 अंकों के कुल स्कोर के साथ एक और बड़ी जीत हासिल की, जिससे भारत ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में गैर-ओलंपिक स्पधाओं में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने इस से पहले गुरुवार को 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने और टीम वर्ग में भी देश को शीर्ष पोडियम स्थान दिलाने में मदद की थी। रियो ओलंपिक (2016) खेलों में रैपिड-फायर पिस्टल फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच चुके इस ओलंपिक खिलाड़ी का प्रिसिशन और रैपिड चरण का संयुक्त स्कोर 579 था। गुरप्रीत, संधू (583) और अंकुर (571) की तिकड़ी ने 1733 अंक के साथ दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया।

वियतनाम (1720) और ईरान (1700) ने इस स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। युवा भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने के साथ ही टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने में भी अहम भूमिका निभाई। मानिनी का व्यक्तिगत स्पर्धा में यह पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है। जयपुर की 24 साल की इस निशानेबाज ने 617.8 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया की हाना इम (620.2) और यूनसेओ ली (620.2) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। मानिनी ने प्रतियोगिता में पांचवां स्थान हासिल किया था, लेकिन उनसे आगे रहने वाले दो निशानेबाज दक्षिण कोरिया की येलीन चोई (620.1) और भारत की सिफ्त कौर सामरा (617.9) सिर्फ रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। आरपीओ निशानेबाज केवल अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

मानिनी ने 10-10 शॉट के छह सीरीज में 104.0, 103.8, 101.2, 103.3, 103.2 और 102.3 का स्कोर किया। उन्होंने 50 मीटर राइफल प्रोन (गैर-ओलंपिक स्पर्धा) में टीम को रजत पदक दिलाने में भी मदद की। मानिनी (617.8), सुरभि भारद्वाज (614.4) और विनोद विदर्सा (613.8) की तिकड़ी ने कुल 1846 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। दक्षिण कोरिया (1856.8 अंक) ने स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाकिस्तान 1828.2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत की प्राची गायकवाड़ ने 616.6 के स्कोर के साथ जूनियर महिला 50 मीटर राइफल प्रोन में रजत पदक जीता। स्वर्ण पदक दक्षिण कोरिया की सेही ओह (618.6) ने जीता, जबकि कांस्य कजाकिस्तान की सोफिया मलकिना (616.3) को मिला। प्राची (616.6), अनुष्का ठोकुर (607.6) और तेजल नथावत (599.2) की तिकड़ी ने कुल 1823.4 के साथ टीम कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया (1844 अंक) के साथ ने स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाकिस्तान (1830.1) ने रजत पदक अपने नाम किया।

# सादगी के साथ मनाया सपा के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने अपना जन्मदिन








गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग का जन्मदिन बेहद सादगी और उत्साह के साथ मनाया गया। अभिषेक गर्ग ने अपने समर्थकों और शुभचिंतकों की मौजूदगी में जन्मदिन का केक काटा। उनकोमर्थको,शुभचिंतकों,परिजनों और दोस्तों ने अभिषेक गर्ग की लंबी आयु उत्तम स्वस्थ यशस्वी जीवन और सर्व खुशी की कामना की। सपा के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने अपने जन्मदिन पर शुभकामनाओं और बधाई देने वाले सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।




### जब अनाज और आईस्क्रीम वालों का हुआ बीकानेर की पूड़ी खाकर फैसला

अनाज वालों को ये नाज है कि वो राम की लीला के लिए कुछ कर गुजरेंगे। आईस्क्रीम वाले इस बात पर मोहित हैं कि हम भी तो टीम में हैं और सुझाव तो दे ही सकते हैं। मंडी वाले इन दिनों किसी सुझाव किसी एडवाईज की बात आते ही नाराज हो जाते हैं। अब वो कैश संभाल रहे हैं और तैश में जल्दी आ जाते हैं। बरसात का पानी मैदान में ना भरे, इसे लेकर आईस्क्रीम वाले सुझाव लेकर आये थे। सुझाव उनका अच्छा है और हमेशा के लिए जलभराव का समाधान भी है। लेकिन अब कैश वाले पता नहीं किस मूड में थे कि वो तैश में आ गये और शब्दों का घमासान हो गया। बिफोर विधायक जी से लेकर आफ्टर सांसद जी वाली बात भी आई। आईस्क्रीम वाले कूल हैं और उन्होंने ही लहजे में ठंड रखी। सुना है कि कैश वालों का तैश फिर बीकानेर की पूड़ी खाकर ही खत्म हुआ। आईस्क्रीम वाले उन्हें बीकानेर ले कर गये और गर्म पूड़ियों के साथ ठंडी बात हुई। पता चला है कि कैश वाले बनवारी की पूड़ी खाना चाहते थे। मगर कुल्फी वालों ने कहा कि कब तक बनवारी पर अटके रहोगे। आओ तुम्हे बीकानेर लेकर चलते हैं पूड़ी खिलाने के लिए।

### पेट्रोल पम्प की जमीन के नीचे दबे हैं मंदिर वालों के 25 लाख रूपये

इन दिनों किस्सा उस स्कूल का गूंज रहा है जहां करोड़ो का खेल सामने आ गया है। खेल शिक्षक के नाम पर मसाज पार्लर वालों के पास पैसे गये हैं। अब जब बातें बाहर आ रही हैं तो मंदिर से सटा वो पेट्रोल पम्प भी लाईट में आ गया है जो मंदिर की ही जमीन पर बना है। मंदिर के पुराने लोग बताते हैं कि ये जमीन मंदिर की है और इसे लीज पर पेट्रोप पम्प कंपनी को दिया गया था। मंदे जमाने में जमीन की पगड़ी के एवज में 25 लाख रूपये आये थे। 25 लाख कहां चले गये, किसी को पता नहीं है और किसी खाते बही में उसका हिसाब नहीं मिल रहा। लेकिन पेट्रोल कंपनी ने तो पैसे दिये थे। मंदिर से जुड़े पुराने सहयोगी ने कहा कि हो सकता है कि वो वाले 25 लाख रूपये पेट्रोल पम्प के नीचे दबे हों। पुराने बुड्ढे पहले खजाना दाब देते थे तो हो सकता है कि उन्होंने 25 लाख पेट्रोल पम्प वाली जमीन के नीचे ही बोरे में भरकर दबा दिये हों। पुराने बुजुर्ग थे तो ऐसा कर दिया होगा और उनके बाद वाले बुजुर्गों ने तो करोड़ों साफ कर दिये और कलाकारी ये कि हवा भी लगी तो सीए साहब के मरने के बाद जब ऑडिट हुआ।

### पुराने शहर की रामलीला वाले बच्चों को दिखायेंगे मैदान में लंदन

वो चुनाव दौर था जब विधानसभा में ललकार दे रहे सरकार वालों ने आदतन वादे किये और भगवा धुन पर झूम रही पब्लिक ने आदतन ऐतबार भी कर लिया। किसी ने कहा था कि लोनी को लंदन बना दूंगा, तो किसी ने कहा था कि गाजियाबाद को गुडगांव बना दूंगा। बस मोदीनगर वालों ने आस्ट्रेलिया और मुरादनगर वालों ने जापान बनाने की बात नहीं की थी। वादों का झुनझुना अभी थमा नहीं है और राम वाले गुनगुना रहे हैं कि अजी आप देखना लंदन तो हम भी बनायेंगे। सुना है लंदन वाली थीम पर इस बार 100 साल पुरानी रामलीला में कोई आईटम आ रहा है। सुनने में आ रहा है कि परम्पराओं वाली रामलीला के नए झंडाबरदार लंदन लेकर आ रहे हैं। वैसे एसी कोर्टेज का जिक्र पहले ही हो चुका है। थियेटर वालों का जलवा आ ही चुका है। बस अब परम्पराओं का लुप्त होना बाकी है और अगर स्पीड यही रही तो इस काम को होने में भी देर नहीं लगेगी।

## न्यायखंड एक मे महिलाओं ने शराब के ठेके को बंद करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्याय खंड एक ग्रीन बेल्ट पर महिलाओं ने शराब के ठेके को बंद करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिलाएं शराब ठेके के बाहर जमा होकर नारेबाजी करने लगीं और ठेका बंद करने की मांग की। महिलाओं का आरोप है कि शराब के ठेके से उनके परिवारों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, क्योंकि उनके पति मेहनत-मजदूरी कर घर लाने के बजाय शराब में पैसे खर्च कर देते हैं। इससे उनके परिवारों को काफी परेशानी हो रही है। पूर्व पार्षद मीना भंडारी ने बताया कि शराब के ठेके से परिवारों पर बुरा प्रभाव पड़ता पति और बेटों की शराब की लत से परेशान रही है महिलाएं। उन्होंने कहा कि महापौर सुनीता दयाल से शराब के ठेके को लेकर बात हुई है उनका कहना है कि बिना परमिशन के ग्रीन बेल्ट पर शराब का ठेका कैसे खुल सकता है। प्रदर्शन करने वाले में पूर्व पार्षद मीना भंडारी, मनोज ठाकुर, किरण गौनियाल, मीनू राजोरा, अनिता भंडारी, मीनाक्षी, मंजू पाठक, उर्मिला बटवाल, गंगोत्री रावत, सपना, मुन्नी, आशा नेगी, राधा भंडारी, सरोज रावत, संगीता रावत, विजयलक्ष्मी, सतीश कसाना, दिलबर सिंह, छाया, ममता उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री व उनकी माता के खिलाफ अभद्र भाषा का विरोध


**नाराज लोगों ने किया पुतला दहन, थानाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन**




**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** विपक्षी नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने के विरोध में शुक्रवार को क्रॉसिंग गोल चक्कर पर नाराज लोगों ने पुतला दहन किया। इस दौरान आक्रोश व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विपक्ष के ऐसे कुत्सित प्रयास न केवल प्रधानमंत्री को, बल्कि पूरे भारत को नीचा दिखाने की कोशिश हैं। पुतला दहन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने क्रॉसिंग थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर आलोक श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा, प्रीति चंद्रा, प्रिया आर्या, पुष्पा पांडेय, राहुल सिन्हा, कुणाल सिन्हा, रजनीश शर्मा, योगेंद्र जाटव, शिवम, संजीव राणा, सुरेंद्र सिंह, ऋतिक, सुभाष, राजकुमार, अनूप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय का निर्देश

### बंदरों के उत्पात पर कार्ययोजना प्रस्तुत करें

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड, उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश राज्य पशु कल्याण बोर्ड सहित कई सरकारी प्राधिकरणों को निर्देश दिया है कि वे राज्य में मानव-बंदर संघर्ष, बंदरों के हमलों और उनकी बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने के लिए अपनी कार्ययोजना न्यायालय के सामने पेश करें। यह निर्देश 6 मई, 2025 को दिए गए पिछले आदेश के बाद आया है, जिसमें उच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों से यह स्पष्ट करने को कहा था कि बंदरों के उत्पात से निपटने के लिए उनके पास क्या उपाय हैं। हालांकि, 10 जुलाई, 2025 को हुई सुनवाई में भारतीय पशु कल्याण बोर्ड और राज्य पशु कल्याण बोर्ड दोनों अनुपस्थित रहे। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने अब एक बार फिर निर्देश दिया है कि ये बोर्ड 19 सितंबर, 2025 से पहले स्पष्ट निर्देशों के साथ न्यायालय में उपस्थित हों। यह याचिका गाजियाबाद निवासी भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनीत शर्मा और बी.टेक की छात्रा प्राजक्ता सिंघल ने दायर की थी। याचिका में नागरिकों के मौलिक अधिकारों (संविधान के अनुच्छेद 21) और पशुओं के अधिकारों (विशेषकर भोजन और अमानवीय परिस्थितियों से मुक्ति का अधिकार) के बीच संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने की मांग की गई है।

## मेजर ध्यानचंद जयंती पर महामाया स्टेडियम में शुरू हुई चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता

### फिट इंडिया शपथ का लाइव प्रसारण देखा हॉकी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम





**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** हॉकी के जादूगर स्व. मेजर ध्यानचंद की जयंती पर शुक्रवार को महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में चार दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी जीवन में उतना ही जरूरी है। खेल हमें स्वस्थ रखते हैं और आज के बच्चे कल देश का भविष्य बनाएंगे। कार्यक्रम का आरंभ फिट इंडिया शपथ के लाइव टेलीकास्ट से हुआ, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में एक साथ देखा गया। इसके बाद 14 वर्षीय बालक/बालिका वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता का आगाज हुआ। बालिका वर्ग में न्यू रेनबो स्कूल ने पहला मैच जेकेजी इंटरनेशनल को 1-0 से हराया। वहीं, गुरुकुल दा पब्लिक स्कूल ने शंभूदयाल स्कूल को 2-0 से मात दी। तीसरे मुकाबले में न्यू रेनबो स्कूल ने गुरुकुल (बी) को 3-0 से हराकर जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में पांच बालिका और छह बालक टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला क्रीड़ाधिकारी अभिषेक कुमार ने किया। इस दौरान सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी राकेश शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय अंपायर पंकज त्यागी, जिला हॉकी संघ और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, प्रशिक्षक व बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## मुख्य सेविकाओं की तैनाती के लिए ऑनलाइन पोर्टल जारी

### 1 से 7 सितम्बर तक भर सकेंगे जनपद की वरीयताएं




**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, उत्तर प्रदेश के माध्यम से नवचयनित मुख्य सेविकाओं की जनपदों में तैनाती के लिए ऑनलाइन पोर्टल\ ३३स्त्र२ ://ू२िस्र१ीाी१ीली.४स्र२ू.ङ्क५.ल/ विकसित किया गया है। अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर जनपदों की वरीयताएं भरनी होंगी। यह पोर्टल 1 सितम्बर से 7 सितम्बर 2025 तक मध्यरात्रि 12 बजे तक सक्रिय रहेगा। सफल लॉगिन के बाद मुख्य सेविकाओं को विभाग द्वारा उपलब्ध रिक्तियों हेतु सभी जनपदों की वरीयताएं भरना अनिवार्य होगा। वरीयताएं भरने के बाद मोबाइल नम्बर पर पुष्टिकरण हेतु रटर प्राप्त होगा। पोर्टल पर चयनित जनपदों की वरीयताओं को लॉक करने का विकल्प भी होगा। लॉक करने से पहले संशोधन किया जा सकेगा, लेकिन एक बार वरीयता लॉक होने के बाद बदलाव संभव नहीं होगा। लॉक होने के बाद अभ्यर्थी पोर्टल से जनपद वरीयता फॉर्म की प्रिंट कॉपी भी निकाल सकेंगे। जनपदों का आवंटन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट क्रम से किया जाएगा। यह प्रक्रिया 1 सितम्बर से 9 सितम्बर 2025 तक सात कार्य दिवसों में पूर्ण की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन वरीयता सबमिशन पोर्टल से संबंधित किसी भी समस्या या सुधार के लिए अभ्यर्थी अपने गृह जनपद के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।




## पुलिसकर्मियों को मिले बेहतर आवास सुविधा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़े स्तर पर बदलाव और व्यवस्था को मजबूत और अलग बनाया जा रहा है। तो सवाल उठ रहा है कि पुलिसकर्मियों को बेहतर आवास सुविधाएं मिलनी चाहिए। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की संरचना धीरे-धीरे बड़ी हो रही है। जिस गाजियाबाद में कभी एक से दो आईपीएस अधिकारी तैनात होते थे, वर्तमान में आधा दर्जन से अधिकारी हो चुके हैं, पर उनके आवास उस अनुपात में नहीं बन पाए हैं। तो वहीं हर जोन में एसीपी स्तर के अधिकारियों की संख्या बढ़ रही है। इसके साथ ही ट्रैफिक वाले सिस्टम से लेकर सिविल पुलिस वाले विभाग में पुलिस कर्मियों की संख्या में भी इजाफा किया जा रहा है। कमिश्नरेट में थाने बढ़ रहे हैं, तो पुलिस बल बढ़ने पर जोर दिया जा रहा है लेकिन पुलिस कर्मियों को मिलने वाली आवास की सुविधा पर अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जहां थाने और कार्यालयों को हाईटेक रूप में बनाया जा रहा है, तो हर थाने और एसीपी की पेशी से लेकर अन्य डेवलपमेंट वर्क चल रहा है। तो ऐसे में पुलिस के अलग-अलग स्तर के कर्मचारियों की भी अंदर ही अंदर डिमांड चल रही है। उनके लिए मकान बनाया जाए, पुलिस कर्मियों के साथ ही एसीपी स्तर के अधिकारी भी चाहते हैं कि या तो उनके जोन में या साहब के आसपास के प्रेमिसेस में कहीं पुलिस गजेटेड अधिकारियों वाले आवास मिल जाएं। वैसे पुलिस लाइन में जो आवास हैं, उनकी हालत किसी से छुपी नहीं है। पुराने होने के साथ वह मरम्मत की मांग कर रहे हैं। कुछ आवास बदले गए, तो कुछ की हालत अभी उतनी बेहतर नहीं हुई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों हो रही भारी बारिश को झेल पाएंगे। इसके साथ ही कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सिटी से लेकर देहात के कई थाने ऐसे हैं, जहां आधे से पौने घंटे की बारिश में जवाब दे जाते हैं। थाने में प्रवेश करना है तो वोट का सहारा भी लेना पड़ सकता है। हालत ऐसी हो जाती है कि थाने के मेन गेट से अंदर जाने के लिए बाकायदा पानी से युद्ध लड़ना पड़ता है। कुल मिलाकर जब कमिश्नरेट वाले सिस्टम में व्यवस्थाएं और नए आयाम स्थापित हो रहे हैं, तो यहां पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य स्तर के कर्मचारियों के लिए आवास वाली बेहतर सुविधा पर ध्यान दिया जाए। अधिकारियों द्वारा इस ओर लैटर लिखा जाए और काम करवाया जाना समय की मांग व आवश्यकता बन गई है।




## मेरा युवा भारत ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

### बच्चों की प्रतिभा और खेल भावना ने जीता दिल




**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** मेरा युवा भारत, गाज़ियाबाद (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में डायमंड पब्लिक स्कूल, टीला शाहबाजपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपनिदेशक देवेन्द्र कुमार ने किया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस का आधार बताते हुए कहा कि खेल केवल शरीर ही नहीं, बल्कि मन और आत्मा को भी मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में बच्चों का योग प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मोहित रावत, नमन, आशीष की टीम प्रथम रही। बैडमिंटन (बालिकाएं) में आराध्याझ आर्ची ने पहला स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समर कूल चेयरमैन संजीव गुप्ता की यही तो सबसे बड़ी खूबी है कि पूरे परिवार को मान सम्मान देना जानते हैं। परिवार के बच्चों से उनका लगाव दिखाई देता है उनके शब्दों में एक स्नेह उमड आता है। भतीजे तुषार गुप्ता के जन्मदिन पर शब्दों के जरिए स्नेह का एक सैलाब आया। तुषार गुप्ता के जन्मदिन पर हैप्पी फील करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कीव में रूसी हमलों में 22 लोगों की मौत
# जेलेंस्की ने की मॉस्को को जिम्मेदार ठहराने की मांग

**यूक्रेन की राजधानी कीव के डार्नीत्स्की इलाके में बुधवार देर रात रूस के ड्रोन और मिसाइलों के हमले में कम से कम कुल 22 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले को लेकर चलाए जा रहे रेस्क्यू अभियान के बारे में जानकारी दी**



**कीव ।** अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयास के बीच बड़ा हमला हमला ऐसे वक्त किया गया, जब तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयास चल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात भी की थी। यह कीव पर पिछले कुछ हफ्तों में रूस का पहला बड़ा संयुक्त हमला था।

यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने इस हमले को लेकर अपनी रिपोर्ट दी है। इसमें उन्होंने बताया कि कीव के डार्नित्स्की जिले में आवासीय इमारत पर रूसी हमले के स्थल पर बचाव अभियान पूरा हो गया है। हमले में नष्ट हुए ढांचों के मलबे को हटाने का काम जारी है। यहां मरने वाले 22 लोगों में चार बच्चे भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि सबसे छोटी बच्ची की उम्र तीन साल भी नहीं थी।

रूस ने ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं कीव के नगर प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि रूस ने ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं थीं। कीव के सात जिलों में कम से कम 20 जगहों पर इसका असर पड़ा। उन्होंने बताया कि शहर के केंद्र में स्थित एक शॉपिंग मॉल समेत लगभग 100 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और हजारों खिड़कियां टूट गईं। रूसी हमलों ने कीव के मध्य भाग को प्रभावित किया। जेलेंस्की बोले- रूस को जिम्मेदार ठहराए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इस हमले के लिए रूस को जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया। उन्होंने मास्को पर कूटनीति के बजाय बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रूस को इस हमले के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। जब कूटनीति के बजाय रूस बैलिस्टिक को चुनता है और उत्तर कोरिया जैसे कारकों के साथ सहयोग को गहरा करता है, तो ऐसे में दुनिया को भी उसी के अनुसार जवाब देना चाहिए। साथ ही उन्होंने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने और दबाव बनाने की अपनी मांग दोहराई।

## बांग्लादेश : मंच 71 की सभा में बवाल मुक्ति योद्धा और 15 अन्य पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत दर्ज होगा मामला




**ढाका ।** बांग्लादेश पुलिस ने कहा है कि वह 1971 के मुक्ति संग्राम के एक प्रमुख योद्धा और 15 अन्य लोगों पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज करेगी। यह फैसला उस समय लिया गया, जब इन सभी को एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भीड़ के हमले से बचाकर हिरासत में लिया गया।

ढाका पुलिस के संयुक्त आयुक्त नसीरुल इस्लाम ने बताया कि इन 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। अभी ये सभी लोग गुप्तचर शाखा (डिटेक्टिव ब्रांच) की हिरासत में हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के राष्ट्रीय अखबार प्रथम आलो ने दी।

पुलिस ने बताया कि पूर्व मंत्री और बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के योद्धा अब्दुल लतीफ सिद्दीकी, ढाका विश्वविद्यालय के कानून के प्रोफेसर हफीजुर रहमान कर्जन, पत्रकार मंजुरुल आलम पन्ना, कई स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व नौकरशाह और अन्य को 2009 के सख्त आतंकवाद विरोधी कानून के तहत आरोपित किया गया है।

ढाका पुलिस के उपायुक्त मसूद आलम ने इससे करीब 11 घंटे पहले बताया था कि इन लोगों को 'जनता के आक्रोश से बचाने के लिए' हिरासत में लिया गया है और आगे क्या करना है, इसका फैसला बाद में किया जाएगा। ये सभी लोग गुरुवार को 'हमारा महान मुक्ति संग्राम और बांग्लादेश का संविधान' विषय पर एक सार्वजनिक चर्चा के लिए एकत्र हुए थे। यह कार्यक्रम हाल ही में बने योद्धाओं के संगठन 'मंच 71' की ओर से ढाका रिपोर्टर्स यूनिटी (डीआरयू) सभागार में आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम पर हमला करने वाली भीड़ ने आयोजकों और मौजूद लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की 'फासीवादी सरकार' के समर्थक कहा और आरोप लगाया कि वे पिछले साल के छात्र आंदोलन के खिलाफ साजिश रचने के लिए एकत्र हुए थे।

## इस्राइली सेना ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया, मानवीय मदद देने पर भी लगाई रोक



**तेल अवीव ।** इस्राइली सेना ने गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी को युद्ध क्षेत्र में बदल दिया है और साथ ही गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगा दी है। इससे गाजा शहर में रहने वाले हजारों लोगों की परेशानी और बढ़ेगी, जो पहले ही भुखमरी जैसे हालात से जूझ रहे हैं। इस्राइली सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि आज सुबह 10 बजे से गाजा सिटी में सैन्य गतिविधियों पर स्थानीय सामरिक रोक लागू नहीं रहेगी। इस क्षेत्र को खतरनाक युद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। इस्राइली सेना का दावा है कि हाल के हफ्तों में गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश और वितरण को सुगम बनाने के लिए गाजा पट्टी के कुछ हिस्सों में इस तरह की रोक लगाई गई है। इस्राइली सेना आईडीएफ ने कहा कि गाजा शहर को छोड़कर, बाकी पूरे क्षेत्र में स्थानीय सामरिक रोक लागू रहेगी। आईडीएफ ने कहा 'वे इस्राइली नागरिकों की रक्षा के लिए गाजा में आतंकवादी समूहों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाएंगे'। माना जा रहा है कि इस्राइली सेना गाजा शहर पर कब्जा करने की तैयारी कर रही है, जहां गाजा की अनुमानित 10 लाख की आबादी में से आधी आबादी शरण लिए हुए है। गाजा में भुखमरी की स्थिति, लेकिन इस्राइल ने इनकार किया एक वैश्विक भूख निगरानीकर्ता ने शुक्रवार को कहा कि गाजा शहर और उसके आसपास के इलाके अब आधिकारिक तौर पर अकाल से जूझ रहे हैं। यह आगे और भी फैल सकता है। एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार, 5,14,000 लोग अकाल की चपेट में हैं। सितंबर के अंत तक यह संख्या बढ़कर 6,41,000 लोगों तक पहुंच सकती है। हालांकि इस्राइल ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। उसने कहा कि यह निष्कर्ष गलत और पक्षपातपूर्ण हैं। इस्राइल का कहना है कि सर्वेक्षण में सिर्फ अधूरी जानकारी ली गई है, जो ज्यादातर हमास से मिली थी, और इसमें यह नहीं बताया गया है कि हाल ही में गाजा में खाद्यान्न भी पहुंचा है।

## पीएम पैतोंगतार्न शिनावात्रा को अदालत ने किया बर्खास्त, कंबोडियाई नेता से बात करना पड़ा भारी



**बैंकॉक ।** कंबोडियाई नेता के साथ फोन पर समझौता करने के आरोप में थाईलैंड की सांविधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को पद से बर्खास्त कर दिया है। शिनावात्रा पर नैतिकता संबंधी सांविधानिक नियमों के उल्लंघन का आरोप है। गौरतलब है कि इन आरोपों में थाईलैंड की सांविधानिक अदालत ने जुलाई में पद से निलंबित कर दिया था और उनकी जगह उप-प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई को पीएम पद की जिम्मेदारी सौंपी थी।

### कार्यवाहक सरकार संभालेगी जिम्मेदारी

अब सांविधानिक अदालत ने शिनावात्रा को पद से बर्खास्त कर दिया है, जिसका मतलब है कि शिनावात्रा का कार्यकाल अब पूरी तरह से समाप्त हो गया है। नए प्रधानमंत्री के नाम को मंजूरी मिलने तक कार्यवाहक पीएम फुमथम प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। कार्यवाहक मंत्रिमंडल संसद को भंग करके नए चुनाव भी करवा सकती है। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा की कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ हुई बातचीत का ऑडियो लीक हो गया था। इसके बाद थाईलैंड में हंगामा हो गया और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू हो गए। इसके बाद सांविधानिक अदालत ने शिनावात्रा को नैतिकता के गंभीर उल्लंघन का दोषी माना और शिनावात्रा को पीएम पद से निलंबित कर दिया। 8 मई को थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद को लेकर हिंसक झड़प हुई थी। जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए शिनावात्रा ने कंबोडिया के पूर्व पीएम और कंबोडिया की संसद के अध्यक्ष हुन सेन से फोन पर बातचीत की। इस बातचीत में शिनावात्रा ने सीमा पर लगे प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा की। इस बातचीत में कथित तौर पर शिनावात्रा ने थाई सेना के कमांडर्स को विरोधी कह दिया और हुन सेन को अंकल कहकर संबोधित किया। इस बात पर थाईलैंड में विवाद हो गया। थाईलैंड की दक्षिणपंथी पार्टियों ने कहा कि इससे कंबोडिया के सामने थाईलैंड कमजोर लगा।

## मॉरिटानिया: प्रवासी नौका पलटने से कम से कम 49 की मौत, 100 से अधिक लापता



**मॉरिटानिया ।** मॉरिटानिया के तट रक्षक बल ने शुक्रवार को बताया कि इस सप्ताह प्रवासियों से भरी एक नौका के पलटने से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार यह नौका गाम्बिया से चली थी और मंगलवार सुबह महेइजरात के तट के पास डूब गई। हादसे में 100 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। तट रक्षक प्रमुख मोहम्मद अब्दल्लाह ने बताया, नौका एक सप्ताह पहले गाम्बिया से रवाना हुई थी और इसमें करीब 160 लोग सवार थे। जिनमें से अधिकांश सेनेगल और गाम्बिया के नागरिक थे। उन्होंने कहा कि जब प्रवासियों ने महेइजरात की रोशनी देखी तो वे सभी नौका के एक हिस्से की ओर भागे। जिससे संतुलन बिगड़ गया और नाव पलट गई। अब तक 49 शव तट पर बहकर आ चुके हैं, जबकि केवल 17 लोगों को बचाया जा सका है। बाकी लोग अब भी लापता हैं।

# जापान के माउंट शिन्मोए ज्वालामुखी में जोरदार विस्फोट

**जापान के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में क्यूशू द्वीप पर स्थित माउंट शिन्मोए में गुरुवार को जोरदार ज्वालामुखी विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में ज्वालामुखी से 5,500 मीटर ऊंचाई तक राख का गुबार उठता हुआ देखा गया। यह जानकारी जापान के मौसम विज्ञान विभाग ने दी है। एजेंसी ने बताया कि यह पहली बार है जब तीन जुलाई के बाद इतना ऊंचा राख का गुबार देखा गया**



5,500 मीटर तक उड़ा राख का गुबार

**टोक्यो ।** इससे पहले 22 जून को यह ज्वालामुखी करीब 6 साल बाद सक्रिय हुआ था। पिछली बार यह जून 2018 में फटा था। बता दें कि ज्वालामुखी के बढ़ते खतरे को देखते हुए मौसम विभाग ने अलर्ट लेवल तीन जारी रखा है, जो पांच के पैमाने पर है। ऐसे में लेवल तीन का मतलब होता है कि लोगों को ज्वालामुखी के पास जाने से रोका गया है, खासकर मियाजाकी और कागोशिमा प्रांतों में, जहां यह ज्वालामुखी स्थित है। माउंट शिन्मोए लगातार निगरानी वो ज्वालामुखियों में शामिल देखने वाली बात ये है कि माउंट शिन्मोए, मियाजाकी और कागोशिमा प्रांतों की सीमा पर स्थित है और यह जापान के उन 50 सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है, जिनकी लगातार निगरानी की जाती है। ऐसे में मौसम एजेंसी ने लोगों को चेतावनी दी है कि वे ज्वालामुखी के आसपास न जाएं, क्योंकि और भी छोटे-बड़े विस्फोट हो सकते हैं और ज्वालामुखी की राख व पत्थर दूर तक गिर सकते हैं।


जापान सरकार ने जारी किया एआई का अनोखा वीडियो ज्वालामुखी विस्फोट को लेकर बढ़ते चिंता के बीच जापान सरकार ने हाल ही में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से बना चेतावनी वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में दिखाया गया है कि अगर माउंट फूजी में कभी विस्फोट होता है तो टोक्यो शहर में क्या असर हो सकता है। वीडियो में दिखाया गया है कि फूजी पर्वत से धुएं के बड़े-बड़े बादल उठते हैं और कुछ ही समय में ज्वालामुखीय राख टोक्यो तक पहुंच जाती है। इससे हवा धुंधली हो जाती है और इमारतों व गाड़ियों पर राख की मोटी परत जम जाती है। कि एक व्यस्त सड़क पर एक महिला को अचानक फोन पर इमरजेंसी अलर्ट मिलता है कि माउंट फूजी में विस्फोट हो गया है, जिसके बाद केवल दो घंटे में टोक्यो तक राख पहुंच सकती है और इससे स्वास्थ्य पर खतरा, बिजली व यातायात व्यवस्था में रुकावट और खाद्य आपूर्ति में बाधा जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। साथ ही वीडियो में बताया गया है यह क्षण बिना किसी चेतावनी के भी आ सकता है। इसके लिए तैयार रहने की आवश्यकताओं पर जोर दिया गया है।

यह वीडियो टोक्यो मेट्रोपॉलिटन गवर्नमेंट के डिजास्टर प्रिवेंशन डिवीजन द्वारा रविवार को जारी किया गया। इसके अलावा, मंगलवार को जापान के 'ज्वालामुखी आपदा रोकथाम दिवस' के मौके पर सरकार के कैबिनेट कार्यालय ने एक और सिमुलेशन वीडियो जारी किया। इसका उद्देश्य लोगों को यह दिखाना है कि ऐसी आपात स्थिति में कैसे तैयार रहें।

जापान एक भूकंप और ज्वालामुखी प्रभावित देश गौरतलब है कि जापान एक भूकंप और ज्वालामुखी प्रभावित देश है क्योंकि यह प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में आता है, जो दुनिया का सबसे सक्रिय भूकंपीय और ज्वालामुखीय क्षेत्र है। सरकार ने पिछले साल से चेतावनी संदेशों और जागरूकता अभियानों को और तेज किया है ताकि लोग पहले से मानसिक और भौतिक रूप से तैयार रह सकें।

# भारत-जापान साझेदारी विश्वशांति के लिए जरूरी इशिबा से मुलाकात के बाद बोले पीएम मोदी

**जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने कहा कि भारत पूरी दुनिया में बदलाव ला रहा है। जापान उन्नत तकनीक का भी दावा कर सकता है, जो विश्व के विकास का नेतृत्व कर रहा है। जब हम जापान और भारत के संबंधों को आगे बढ़ाने के बारे में सोचते हैं, तो हमें अपनी चुनौतियों का समाधान पाने और एक-दूसरे की मदद करने के लिए एक-दूसरे की ताकत का लाभ उठाने की जरूरत है**



**टोक्यो ।** जापान और भारत मौलिक मूल्यों को साझा करते हैं और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमें स्वतंत्र और खुले अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था आधारित कानून के शासन को बनाए रखने की जरूरत है। जैसा कि हम अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में बढ़ती अस्पष्टता देखते हैं। जापान और भारत को क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए अपनी ताकत को एक साथ लाने की जरूरत है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आतंकवाद और साइबर सुरक्षा को लेकर हमारी चिंताएं समान हैं। हमारे आपसी हित रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े हैं। हमने तय किया है कि रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत किया जाएगा। मानव संसाधन आदान-प्रदान की कार्ययोजना के तहत अगले पांच वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में पांच लाख लोगों का आदान-प्रदान किया जाएगा

उन्होंने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी आपसी विश्वास पर आधारित है। यह हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को दर्शाती है और हमारे साझा मूल्यों और विश्वासों से आकार लेती है। हम सब मिलकर अपने लोगों और दुनिया के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि का एक साझा सपना लेकर चलते हैं। अगले भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए मैं आपको भारत आमंत्रित करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि जापानी तकनीक और भारतीय प्रतिभा एक विजयी जोड़ी है। जहां हम हाई-स्पीड रेल पर काम कर रहे हैं। वहीं अगली पीढ़ी की मोबिलिटी साझेदारी के तहत हम बंदरगाहों, विमानन और जहाज निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति करेंगे। चंद्रयान 5 मिशन में सहयोग के लिए हम इसरो और जाक्सा के बीच हुए समझौते का स्वागत करते हैं। हमारा सक्रिय सहयोग पृथ्वी की सीमाओं को पार करेगा और अंतरिक्ष में मानवता की प्रगति का प्रतीक बनेगा। पीएम मोदी ने कहा कि ऊर्जा के लिए हमारा संयुक्त ऋण तंत्र एक बड़ी जीत है। यह दर्शाता है कि हमारी हरित साझेदारी हमारी आर्थिक साझेदारी जितनी ही मजबूत है। इस दिशा में हम टिकाऊ ईंधन पहल और बैटरी आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी की भी शुरूआत कर रहे हैं। हम आर्थिक सुरक्षा सहयोग पहल शुरू कर रहे हैं। हम व्यापक दृष्टिकोण के साथ महत्वपूर्ण और रणनीतिक क्षेत्रों में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग हम दोनों के लिए प्राथमिकता है। इस संबंध में डिजिटल साझेदारी 2.0 और एआई सहयोग पहल पर काम किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर और दुर्लभ मृदा खनिज हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर होंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने अगले 10 वर्षों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन येन के निवेश का लक्ष्य रखा है। भारत और जापान के लघु एवं मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। भारत-जापान व्यापार मंच में भी मैंने जापानी कंपनियों से कहा था कि भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ। पीएम मोदी ने कहा कि आज हमारी चर्चा उपयोगी और उद्देश्यपूर्ण रही। हम इस बात पर सहमत हैं कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और जीवंत लोकतंत्रों के रूप में हमारी साझेदारी न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। मजबूत लोकतंत्र एक बेहतर दुनिया के निर्माण में स्वाभाविक साझेदार होते हैं। आज हमने अपनी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है। हमने अगले दशक के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। हमारे विजन के केंद्र में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, गतिशीलता और लोगों के बीच आपसी संपर्क है।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने कमला हैरिस की सीक्रेट सर्विस सुरक्षा हटाई, बाइडन ने चुपचाप की थी बढ़ोतरी



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को दी जा रही सीक्रेट सर्विस सुरक्षा वापस लेने का आदेश दिया है। यह सुरक्षा उनके पद छोड़ने के बाद पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने चुपचाप एक साल के लिए बढ़ा दी थी। अमेरिकी कानून के अनुसार, किसी भी उपराष्ट्रपति को पद छोड़ने के बाद केवल छह महीने तक सीक्रेट सर्विस सुरक्षा मिलती है। लेकिन बाइडन प्रशासन ने हैरिस को यह सुविधा अतिरिक्त तौर पर जारी रखी थी। 1 सितंबर से बदल जाएगी कमला हैरिस की सुरक्षा अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस फैसले को बदलते हुए निर्देश दिया है कि 1 सितंबर से कमला हैरिस को केवल वही सुरक्षा मिलेगी जो कानून के तहत अनिवार्य है। यानी उन्हें अब अतिरिक्त सुरक्षा कवरेज नहीं मिलेगा।

# छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और दिव्यांग योजनाओं की प्रगति पर मंत्री ने की समीक्षा

## राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश, 2 अक्टूबर तक सभी छात्रों को मिलनी चाहिए छात्रवृत्ति





**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** जल निगम गेस्ट हाउस में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में मंडलीय व जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में मंत्री ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए छात्रवृत्ति, शादी अनुदान व कम्प्यूटर शिक्षा योजनाओं पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रवृत्ति योजना की सभी कार्यवाहियां समय पर पूर्ण की जाएं ताकि 2 अक्टूबर 2025 तक सभी छात्रों को छात्रवृत्ति मिल सके।

### डिजिटल शिक्षा पर फोकस

करंट क्राइम। राज्यमंत्री ने 'ओ लेवल' और 'सीसीसी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि हर छात्र को डिजिटल युग की पढ़ाई से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने अधिक से अधिक छात्रों को कम्प्यूटर शिक्षा दिलाने और सेंटरों का नियमित निरीक्षण करने के आदेश दिए।

### दिव्यांगजन योजनाओं की प्रगति

करंट क्राइम। उपनिदेशक, मेरठ मंडल ने बताया कि 55,341 दिव्यांगजन पेंशन ले रहे हैं जिनमें 1,162 नए पेंशनर भी शामिल किए गए। 14 आवेदन शादी प्रोत्साहन योजना में स्वीकृत किये गये हैं। 64 आवेदन दुकान निर्माण/संचालन योजना में स्वीकृत किये गये हैं। 15 बच्चों की कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की प्रक्रिया जारी की गई है। 740 दिव्यांगजन सहायक उपकरण हेतु चिन्हित किये गये हैं और 60 दिव्यांगजन मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल हेतु चयनित किये गये हैं। मंत्री ने सभी योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति, समय पर पेंशन वितरण और उपकरणों का जैम पोर्टल से क्रय कर त्वरित वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### शादी अनुदान का वृहद प्रचार-प्रसार करें : नरेन्द्र कश्यप

करंट क्राइम। राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली शादी अनुदान योजना का हर गरीब और जरूरतमंद परिवार तक लाभ पहुंचना चाहिए। उन्होंने मंडल के सभी जिलों को सौंपे गए लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए और योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया।

# जिलाधिकारी ने सौंपी सिटी मजिस्ट्रेट को खनन की जिम्मेदारी



### अवैध खनन पर होगी सख्त कार्रवाई, संयुक्त टीम करेगी निगरानी

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** जिले में अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय को विशेष रूप से खनन प्रभार सौंपते हुए साफ निर्देश दिए हैं कि जिले में किसी भी स्तर पर अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रभार संभालते ही सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. उपाध्याय ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने खनन पट्टाधारकों और सम्बंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन या परिवहन की कोई भी गतिविधि सामने आई तो दोषियों पर बख्शिश नहीं होगी।

डॉ. उपाध्याय ने बताया कि खनन विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम गठित की जाएगी, जो समय-समय पर निरीक्षण कर अवैध खनन गतिविधियों पर नजर रखेगी। इसके साथ ही खनन से जुड़े वाहनों की जांच भी की जाएगी, ताकि अवैध खनिज परिवहन पर पूरी तरह रोक लग सके। उन्होंने कहा कि खनन कार्य केवल निर्धारित मानकों और अनुमति के दायरे में ही किए जाएंगे।

पर्यावरण संरक्षण और राजस्व की हानि रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने भरोसा जताया है कि सिटी मजिस्ट्रेट के सख्त रुख और निगरानी से जिले में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगेगा और सरकारी राजस्व को होने वाली हानि भी थमेगी।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किसी ने नदिया पार के मेंबर किंग कुमार भाटी से की बात-पूछा कि पार्षद वाले एसोसिएशन में आप इतना क्यों खामोश रहते हैं साहब? सुना है, ये सुनकर आ गई मिस्टर भाटी की भावनाएं बाहर? उन्होंने कहा- जैसा चल रहा है वैसा चलने दो साहब? मैं कोई भी प्रतिक्रिया देकर नहीं करना चाहता मैडम जी को नाराज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार की भगवा कमिश्नर टैक्निकली रूप से करती हैं हिसाब? सांप भी दम तोड़ देता है और लाठी भी नहीं होती है खराब? सुना है एक मेंबर की वाइफ ने ऊपर की सिफारिश से पा ली थी उनकी टीम में एंट्री? इस एंट्री से भगवा कमिश्नर नहीं हैं खुश? सुना है, उन्होंने जो अपनी टीम का व्हॉट्सएप ग्रुप बनाया है उसमें नहीं दिया है मैडम मंत्री को स्थान? कहने वाले ने कहा- हिसाब कैसे चुकता किया जाता है, इसके बारे में आप ले सकते हो मेंबर कमिश्नर से ज्ञान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व पार्षद चिंटू भैया इन दिनों फ्रंटफुट पर आकर मार रहे हैं शॉट? मौसम ऐसा गरज रहा है कि अधिकारियों से लेकर पार्षदों के डिस्टर्ब हो गए हैं थॉट? उस पर लगातार चिंटू भैया मार रहे हैं ताना? जलभराव होते ही वो डालते हैं संदेश कि जब पानी में टायर डूब चुके हैं तो फिर उन्हें जरूरी नहीं है धुलवाना? जलभराव की वजह से हो रहे हैं खुद ही टायर क्लीन? चिंटू भैया रोज इस तरह के ताने मार रहे हैं तीन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम कर रहे हैं क्रांतिकारी विधानसभा की बात? वहां करने वाले करें कितनी ही क्रांति, मगर यहां की बड़ी समस्या है जलभराव? बावजूद इसके यहां पर इस जनसमस्या को लेकर कोई भी खड़ा नहीं होता है साहब? आज तक आपने देखा है कि इन समस्याओं को लेकर किसी ने मिलाई है जनता की आवाज में आवाज? मावी जी हों या निठौरा जी या फिर हों मिस्टर कसाना, हमने देखा है जब भी इस तरह की आफत जनता पर आती है तो कोई भी जरूरी नहीं समझता उनके बीच में जाना?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूरे प्रताप से मैं नोट कर रहा हूं ये बात? आजकल एक जाट चेहरे खूब नजर आ रहे हैं विधायक जी के साथ? कहने वाले ने कहा- ये साथ भविष्य में जरूर दिखाएगा असर? क्योंकि ये सबको पता है, विधायक जी बड़ा दिल रखते हैं, नहीं छोड़ते हैं वो अपने किसी भी साथी के लिये कसर? वैसे भी पूरे प्रताप से जबसे हुए चौधरी भगवा, तब से उनका मामला नहीं हुआ है मजबूत? जो भी हो अब साथ मिला है विधायक जी का तो जरूर मजबूत होगा वजूद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? जिस चीज पर था मेंबर शर्मा और लेडी मेंबर चौधरी को डाउट, उनके डाउट पर आज मुहर लग सकती है साहब? ये काफी हद तक पहुंच गए हैं कहानी के नजदीक? चुनाव स्थगित होगा, इसकी की है उन्होंने कई जगह तस्दीक? कहने वाले ने कहा- इतनी जानकारी उन्हीं को होती है जो होते हैं सिस्टम के बहुत ही ज्यादा नजदीक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम तो ये सोचते हैं कि भगवा योद्धा कैसे देते हैं हर कार्यक्रम को इतनी मजबूती से आयाम? आप खुद ही सोचो जब पार्टी इतने लंबे समय तक घोषणाओं को पेंडिंग करके बैठी हो तो कार्यकताओं से मुश्किल हो जाता है कराना काम? बावजूद इसके भगवा योद्धा हर आयाम को दे देते हैं बड़ी पहचान? कहने वाले ने कहा- कि काउंटिंग कार्यालय पर कितने आ रहे हैं या नहीं आ रहे हैं इससे मत करो आप ये देखो कि कितने शानदार तरीके से संपन्न हो रहे हैं सभी प्रोग्राम? ऐसी परिस्थितियों में कार्यक्रमों को सफल कराना होती है बहुत बड़ी बात? जब पिछले संगठन के चेहरे कर रहे हों विश्राम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक ओबीसी दावेदार के चेहरे पर है तब से तनाव, जब से उन्हें पता चला है संगठन वाले साहब दे रहे हैं इस वक्त पांचाल जी को भाव? हमने देखा, पांचाल जी को एक कार्यक्रम में वो विशेष रूप से रहे थे पुकार? किसी के सीने में अंदर तक चुभ रहा था उनका ये वाला प्यार? उसे मिल गया था मौके से ये संदेश कि भविष्य में जब भी होगी घोषणा तब आयेगी पांचाल जी के चेहरे पर बहार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लाइन पार के दो चेहरे जो एक साथ बैठक खाया करते थे सलाद? सुना है, उन दोनो में अब नहीं होती है पहले जितनी बात? एक के दिल में योद्धा बसते हैं तो दूसरे के दिल में बनाया हुआ है कमांडर ने स्थान? बस मोहब्बत की इन दो वजहों ने इनके बीच में डाल दिया है व्यवधान? पहले तो ये दोनों अक्सर साथ में नजर आते थे, अब तो तन्हा निपट जाती है सुबह और सूनी गुजरती है शाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिनके वस्त्रों की गाजियाबाद की आधी आबादी है आदी? सुना है, जब भी किसी के लिये कुछ लिखते हैं तो शब्दों में ज्यादा भाव नहीं देते मिस्टर खादी? मगर हमने देखा उनका सांसद जी के बर्थ-डे पर अलग ही प्रकाश? वो गर्ग साहब के लिये फेसबुक पर कुछ हटकर लिख चुके थे साहब? उन्होंने गर्ग साहब को दिया दिल्ली चुनाव जीतने का 27 वर्षों के बाद वाला पूरा श्रेय? साथ ही व्यापारियों की आवाज उठाने वाला भी उन्हें दिया नाम? कहने वाले ने कहा- बदले-बदले से हैं उनके शब्द? कहीं कोई नया वेद नहीं लिखा जा रहा श्रीमान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# नगर निगम गोबर से बनाएगा प्राकृतिक पेंट

## सितंबर में नंदग्राम नंदी पार्क में लगेगा प्लांट, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप पर आधारित होगा प्रोजेक्ट








- सितंबर माह में लगेगा प्लांट, नंदग्राम नंदी पार्क में स्थापना
- गोबर से बनेगा डिस्टेंपर और इमल्शन पेंट
- 2-5 क्विंटल गोबर से प्रतिदिन 1000-2000 लीटर पेंट तैयार
- केमिकल-फ्री, दुर्गंध-रहित पेंट होगा तैयार
- पीपीपी मॉडल पर आधारित पायलट प्रोजेक्ट
- 15-17 हाई स्पीड मशीनें लगेंगी
- 50 लाख की धनराशि से हो रहा प्रोजेक्ट मजबूत
- महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को मिलेगा योगदान का अवसर
- सबसे पहले गौशालाओं में होगा पेंट का उपयोग

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम गाज़ियाबाद अब शहर की सबसे बड़ी समस्या गोबर को अवसर में बदलने जा रहा है। ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रॉपीज मेयर्स चैलेंज 2025 के तहत नगर निगम ने गोवंश के गोबर से पेंट बनाने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की है। इसके लिए निविदा आमंत्रित कर दी गई है और सितंबर माह से नंदग्राम स्थित नंदी पार्क में यह कार्यवाही शुरू होगी।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर आधारित होगा। इससे न केवल निगम को आय प्राप्त होगी, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा।

### डिस्टेंपर और इमल्शन पेंट तैयार होगा

करंट क्राइम गोबर से बनने वाले प्राकृतिक पेंट में 50% गोबर और 50% पानी के साथ अन्य आवश्यक पदार्थ मिलाकर निर्माण होगा। तैयार पेंट पूरी तरह केमिकल-फ्री और दुर्गंध-रहित होगा। इसमें प्रतिदिन 2 से 5 क्विंटल गोबर की खपत होगी। और इससे 1000 से 2000 लीटर पेंट तैयार होगा। इस पेंट के इस्तेमाल से भवनों के तापमान में भी कमी आएगी, जिससे पर्यावरण को लाभ होगा।

नगर निगम इस प्लांट पर 15 से 17 हाई स्पीड डिस्पेंसर मशीनें लगाएगा। तैयार पेंट सबसे पहले गौशालाओं में इस्तेमाल किया जाएगा। प्रोजेक्ट को ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रॉपीज की ओर से विश्व स्तर पर भी सराहना मिली है। नगर आयुक्त ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की भी बड़ी भूमिका होगी। प्रोजेक्ट को 50 लाख की धनराशि से मजबूत बनाया जा रहा है।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का हुआ सम्मान

## आरकेजीआईटीएम पहुंचने पर पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया



**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी गाज़ियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का आरकेजीआईटीएम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एमएलसी दिनेश गोयल और उनके सुपुत्र अक्षत गोयल ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकताओं ने मयंक गोयल के नेतृत्व की सराहना करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने में उनके योगदान पर आभार जताया। उपस्थित लोगों ने कहा कि उनके मार्गदर्शन से कार्यकताओं में नया जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है।

# जैन धर्म स्थानक को बचाने के लिए जैन समाज ने उठाई आवाज

## मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर की हस्तक्षेप की मांग, संघर्ष समिति का हुआ गठन





**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** कवि नगर स्थित भूखंड संख्या ई-46 पर निर्मित जैन धर्म स्थानक को बैंक द्वारा विक्रय कर समाप्त करने की संभावित साजिश के विरोध में रविवार को जैन समाज ने बैठक कर संघर्ष का बिगुल बजा दिया। इस स्थानक को बचाने के लिए समाज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है।

स्थानकवासी जैन समाज का यह धर्म स्थानक पिछले 35 वर्षों से आस्था का केंद्र रहा है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक क्रियाओं, प्रवचनों, सामायिक और मंगल पाठ में भाग लेते हैं। वर्तमान में यहां पूज्य सुभद्र मुनि महाराज और पूज्य अमित मुनि महाराज साहब (ठाणे 6) के सानिध्य में चातुर्मास चल रहा है, जिसमें देशभर से श्रद्धालु आकर धर्मलाभ ले रहे हैं।

समाज का आरोप है कि लगभग 12 वर्ष पूर्व भवन के मूल दस्तावेजों को एक फर्म की गारंटी के रूप में बैंक में गिरवी रख दिया गया, जबकि यह भवन शुरू से ही धार्मिक कार्यों के लिए प्रयोग में है। समाज का कहना है कि धार्मिक स्थल को गिरवी रखना नियमों के विपरीत है और यह षड्यंत्रपूर्वक किया गया कार्य प्रतीत होता है। बैठक में मुख्य रूप से घनश्याम दास जैन, रमेश चंद्र जैन, सुशील कुमार जैन, सुरेश जैन, मनोज जैन, प्रवीण जैन, सुनीता जैन, करुण जैन समेत बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### बैठक में हुआ ये निर्णय

करंट क्राइम। जैन समाज और एसएस जैन सभा की बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि स्थानक की रक्षा के लिए हर संभव संघर्ष किया जाएगा। बैठक में डॉ. अतुल कुमार जैन को संघर्ष समिति का संयोजक बनाया गया। बैठक के उपरांत समाज के प्रतिनिधियों ने भवन के बाहर प्रदर्शन कर जैन धर्म और स्थानक की रक्षा का संकल्प दोहराया।

# अपराध का लेखा-जोखा पेश कर कांग्रेस ने मांगा मुख्यमंत्री से इस्तीफा

## प्रदेश में गाजियाबाद अपराध की राजधानी बन गया है: कांग्रेस



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रदेश अब अपराध प्रदेश बन गया है। प्रदेश और जिला गाजियाबाद की कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस जिला एवं महानगर इकाई ने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने पिछले कुछ समय में हुए आपराधिक घटनाओं का लेखा-जोखा पेश किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले आठ वर्षो के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। एनसीआरबी के ऑकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। पूरे देश में महिलाओं के प्रति जितने अपराध हो रहे हैं, उसका 15 प्रतिशत अकेले उप्र में होते है।

उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में सबसे ज्यादा अपराध हो रहे हैं। पूरे प्रदेश का शायद ही कोई जनपद होगा जहां आये दिन कोई जघन्य अपराध न होता हो। प्रदेश में गाजियाबाद अपराध की राजधानी बन गया है। इतना ही नहीं जो सामाजिक अपराध खत्म से हो गये थे, वह भाजपा के शासन काल में फिर से होने लेगे हैं, जैसे दलितों की बारातों पर हमला, उन्हें घोड़ी पर न चढ़ने देना और तो और अब दबंग उन्हें अपने इलाकों से निकलने देना भी नहीं चाहते। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है अपराधियों में कानून का डर खत्म सा हो गया है।

जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने कहा कि 16 जुलाई 2025 से 15 अगस्त 2025 तक के आंकड़े यूपी पुलिस द्वारा जारी है इसके अनुसार गाजियाबाद में कई गंभीर अपराध हुए हैं। गाजियाबाद में अपराधिक मामलों की लगभग 1119 एफआईआर दर्ज हुई। महिला उत्पीडन की एफआईआर लगभग 310 दर्ज की गई। लूट, चोरी और डकैती की लगभग 335 एफआईआर दर्ज घटनाएं हुई। साइबर क्राइम की लगभग 125 एफआईआर दर्ज की गई।

उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय के समीप जाली दूतावास संचालन का मामला प्रमुख मुद्दे ने चर्चित रहा। अन्य मामलों में लगभग 349 एफआईआर दर्ज की गई। ज्वेलर्स से लगभग 24 घटनाएं हुई, जिसमें बृज विहार थाना लिंक रोड के ज्वेलर्स की मुख्य घटना चर्चा में रही। होटलों में देह व्यापार का अपराधिक घटनाएं दर्ज की गई। मोदीनगर हनुमानपुरी में में 40 वर्षीय युवक हत्या का मुद्दा चर्चा में रहा। मोदी नगर में युवती से रेप की घटना और लोनी में दलित लड़की से सामूहिक बलात्कार का मुद्दा प्रमुख रूप से न्यूज पेपरों में चर्चा में रहा। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से स्पष्ट होती है कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज खत्म हो चुका। हम मुख्यमंत्री जी से नैतिकता के आधार पर उनके इस्तीफे की मांग करते है। मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, एडवोकेट चन्द्रपाल, महानगर अनुसूचित विभाग अध्यक्ष आशीष कुमार प्रेमी, सुशील कुमार शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अश्वनी त्यागी, सुशील कुमार शर्मा व्यापार प्रकोष्ठअध्यक्ष हरिओम गुप्ता, उपाध्यक्ष जयवीर सिंह, समसुद्दीन, उदयसिंह पाल और सुरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# निवाड़ी पुलिस ने सिर्फ घंटे 5 मिनट में खोजी चार मासूम जिंदगी

## थाना प्रभारी से लेकर चौकी प्रभारी और बीट अफसर ने चलाया था अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** निवाड़ी पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए चार नाबालिक लड़कियों को एक घंटा 5 मिनट में सकुशल बरामद करने का काम किया है। शुक्रवार को पीआरवी 2625 पर शाम करीब 4:12 पर सूचना मिली थी कि ग्राम पतला निवाड़ी से चार लड़कियां चली गई हैं। जिसके बाद तत्काल पुलिस हरकत में आ गई और चारों को सकुशल एक घंटा 5 मिनट में बरामद कर लिया गया। इस मामले की जैसे ही थाना प्रभारी निरीक्षक निवाड़ी जयपाल सिंह रावत को सूचना मिली, उन्होंने चौकी प्रभारी दिवाकर सिंह, उप निरीक्षक दीपक त्रिपाठी, उप निरीक्षक पंकज सिंह, उप निरीक्षक लल्लू राम, उप निरीक्षक वीरेश कुमार और बीपीओ सतीश चंद्र को तत्काल इस सूचना पर लगाया। पुलिस ने आसपास के गांव और कुछ खास जगह तलाशी, जिसके बाद सभी बच्चियों सकुशल एक घेर से बरामद हो गईं।

### परिवार को सौंपा तो निकल पड़े खुशी के आंसू



### बहन के घर रहने वाली सुमन थी नाराज, घर वाले करवा रहे थे काम

**करंट क्राइम :** इस मामले में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक लड़की अपने साथ अंशिका 12 वर्ष, काव्या 9 वर्ष, द्वारिका 5 वर्ष को लेकर गांव से बाहर गणेश चौक में एक व्यक्ति के घेर में जाकर छुप गई थी। इसके बाद पुलिस ने 1 घंटे 5 मिनट तक अलग-अलग स्थानों पर उन्हें खोजा। उनके फोटो के माध्यम से पुलिस और अन्य ग्रुपों पर भी डाला। जिसके बाद चारों बच्चियों को कुछ देर बाद सकुशल बरामद कर लिया गया। बताया जा रहा है कि पीड़ित अपनी बहन के घर रहती है। उसकी बहन उससे घर का काम करती है और स्कूल जाने के लिए डांटती हैं। इसे ही नाराज होकर वो अपनी साथियों के साथ इधर घेर में चली गई थी।

### पुलिस की तत्परता ने लौटाई पीड़ित परिवार को खुशी

**करंट क्राइम :** इस मामले में निवाड़ी थाना प्रभारी जयपाल सिंह रावत और उनके पांच उपनिरीक्षकों और बीपीओ ने जिस तरीके से तत्काल सूचना पर एक्शन लिया और कार्रवाई का रिजल्ट भी पॉजिटिव दिया। इससे पीड़ित परिवार के चेहरे पर खुशी लौट आई और उनके आंसू निकल आए। उन्होंने पुलिस कमिश्नरेट ग्रामीण जोन निवाड़ी थाना पुलिस का धन्यवाद भी किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।